JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

वर्ष : 66 ● अंक: 89 ● श्रीगंगानगर, गुरुवार, 20.02.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8



**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 26 |
| न्यूनतम | : 09 |
| हवा में नमी | : 58 |

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ ली शपथ

● राज्य की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ ● पीएम मोदी सहित भाजपा के बड़े चेहरे रहे मौजूद

**जनमार्ग न्यूज**



**नई दिल्ली।** शालीमार बाग से भाजपा विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने रामलीला मैदान में सीएम पद की शपथ ली। बीजेपी शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम भी कार्यक्रम में मौजूद हैं। रेखा गुप्ता के साथ 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसमें अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह शामिल है। शपथ से पहले रेखा गुप्ता ने गुरुवार सुबह मीडिया से बातचीत में कहा, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पीएम मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की सीएम बनूंगी। मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को भाजपा ने शीशमहल नाम दिया था। अरविंद केजरीवाल ने इसे बनवाया था। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने इसे बनवाने में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपए खर्च किए थे। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा भी बनाया था। शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। बीजेपी ने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है।

## शपथ ग्रहण समारोह में सीएम भजनलाल हुए शामिल



दिल्ली के रामलीला मैदान में आज नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हो रहा है। जिसमें राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दिया कुमारी और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने भी शिरकत की। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर पहुंचे। जहां पर दोनों नेताओं के बीच नई शिक्षा नीति को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद सीएम भजनलाल रामलीला मैदान के लिए रवाना हुए। शपथ ग्रहण समारोह से पहले सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दिया कुमारी और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने रेखा गुप्ता से मुलाकात की।

## भारत ने 119 ऐप्स को किया ब्लॉक



● ज्यादातर थे चीन और हांगकांग के

**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कथित तौर पर 119 ऐप्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें से ज्यादातर चीन और हांगकांग के ऐप्स थे। भारत सरकार का ये बड़ा फैसला साल 2020 के बाद आया जब भारत ने टिकटॉक समेत 100 चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि 2021 और 22 में भी कई ऐप्स ब्लॉक किए गए लेकिन उनकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं थी। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक लूमेन डेटाबेस पर गूगल के खुलासे के हवाले से बताया गया है कि ये आदेश भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 के तहत जारी किए गए हैं। जिसके मुताबिक केंद्र सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता या सार्वजनिक व्यवस्था के हित में ऑनलाइन कंटेंट तक सार्वजनिक पहुंच को रोका जाता है। ब्लॉक किए गए ज्यादातर ऐप्स वीडियो और वॉयस चैट प्लेटफॉर्म हैं। चीन और हांगकांग के अलावा कुछ ऐप्स सिंगापुर, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के भी हैं।

## विधानसभा में गूंजा कोटा में छात्र आत्महत्या का मुद्दा

❑ कोचिंग संस्थानों में दादागिरी का आरोप, विपक्ष का हंगामा



**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र 2025 के दौरान कोटा में कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर जमकर बहस हुई। कांग्रेस नेता शांति धारीवाल ने सरकार से सवाल किया कि जब केंद्र सरकार की गाइडलाइन के तहत कोचिंग संस्थानों में काउंसलर और साइकोलॉजिस्ट अनिवार्य किए जा चुके हैं, तो प्रदेश में कितने कोचिंग संस्थानों ने इस नियम का पालन किया है? क्या सरकार ने इसकी जांच के लिए अधिकारियों को भेजा है? इस पर मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जवाब दिया कि राज्य सरकार एक नया कानून लाने की तैयारी कर रही है, जिससे कोचिंग संस्थानों में काउंसलर्स और साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति अनिवार्य की जाएगी। मंत्री ने बताया कि अब तक 27,000 छात्रों की काउंसलिंग करवाई जा चुकी है और सरकार ने काउंसलर्स व साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक यह बिल पास नहीं होता, सरकार कोचिंग संस्थानों में अधिकारियों को नहीं भेज सकती। उन्होंने कहा कि हम कोचिंग संस्थानों में जाकर दादागिरी नहीं कर सकते। लेकिन सरकार छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर है और जल्द ही बिल लागू किया जाएगा। विधानसभा में सरकार के इस जवाब से विपक्ष को संतुष्टी नहीं मिली। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि छात्रों की आत्महत्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन हमें इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने नहीं दिया जा रहा। वहीं, सरकार ने आश्वासन दिया कि 23 मार्च तक नया कानून लागू किया जाएगा।

## खेल परिषद के नेतृत्व में होगा आईपीएल का आयोजन

● बीसीसीआई ने आयोजन के लिए किया अधिकृत

**जनमार्ग न्यूज**



**जयपुर।** राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच का आयोजन खेल परिषद के नेतृत्व में किया जाएगा। एडहॉक कमेटी के सदस्य और हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खेल परिषद को राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच का आयोजन करने के लिए अधिकृत किया है। यह स्वागत योग्य फैसला है, हम इसका सम्मान करते हैं। धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन हम सबके लिए खुशी की बात है। लेकिन राजस्थान के सभी 7 मैच का आयोजन राजस्थान में ही होना चाहिए था। इसके साथ ही न सिर्फ जयपुर बल्कि, जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में भी इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले आयोजित होने चाहिए। इससे राजस्थान के दर्शकों को और ज्यादा मैच देखने का मौका मिल सकेगा। दरअसल, 10 फरवरी को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन को लेटर लिख आरसीए के नेतृत्व में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबला कराने की मांग की थी। जिसमें उन्होंने 15 फरवरी तक जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम एडहॉक कमेटी को हैंडओवर कर दिया जाए। लेकिन जब 19 फरवरी तक भी खेल परिषद ने एडहॉक कमेटी को स्टेडियम हैंडओवर नहीं किया। इसके बाद कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने मुख्यमंत्री से मिल इस मामले की शिकायत करने की बात कही थी।

## महाकुंभ में आज भी भीड़, अब तक 57 करोड़ ने लगाई डूबकी

**जनमार्ग न्यूज**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का आज 39वां दिन है। मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। सुबह 10 बजे तक 51 लाख 80 हजार श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक 57.08 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। गुरुवार को भी महाकुंभ में भीड़ है। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए सुबह से पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। आज भारत सहित अन्य देशों के 40 से ज्यादा वीवीआईपी संगम स्नान करेंगे। पूरे स्नान पर्व के दौरान यह पहली बार है कि इतने ज्यादा वीवीआईपी मेले में आ रहे हैं। गुरुवार सुबह से भी संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है।

## आप नेता ने सरपंच पति को मारी गोली, मौत

● नाली विवाद को लेकर बुलाई गई थी पंचायत ● गुस्से में आकर चलाई गोली ● अबोहर के कल्लरखेड़ा गांव की घटना

**जनमार्ग न्यूज**



**अबोहर।** अबोहर के गांव कल्लरखेड़ा में आज सुबह नाली के विवाद को लेकर हुई पंचायत के दौरान आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रधान ने गांव की मौजूदा सरपंच के पति को गोली मार दी। जिससे सरपंच पति की मौत हो गई। मृतक की पहचान शंकर जालप के रूप में हुई है, जो वर्तमान सरपंच पूनम के पति थे। विवाद के दौरान गांव के ही आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रधान मनोज कुमार ने गुस्से में आकर शंकर जालप पर गोली चला दी। गोली लगने से शंकर गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए श्रीगंगानगर ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज अरुण नारंग ने घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और आरोपी चाहे पार्टी का कार्यकर्ता ही क्यों न हो, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-
Website:- www.janmarg.com
Youtube:- Janmarg News

## अश्लीलता रोकने के लिए सरकार लाएगी डिजिटल इंडिया बिल

**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने के लिए केंद्र सरकार मौजूदा आईटी एक्ट की जगह डिजिटल इंडिया बिल लाने पर काम कर रही है। नए कानून में यू ट्यूबर, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया यूजर्स को रेगुलेट करने के प्रावधान रहेंगे। डिजिटल इंडिया बिल पर केंद्र करीब 15 महीने से काम कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के लिए विशिष्ट प्रावधान वाले कानून बनाए जाएंगे। जैसे दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण संबंधी विषयों के लिए अलग-अलग प्रावधान रखे जाएंगे। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के गवर्नेंस की भी व्यवस्था हो। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया के विवाद के चलते सरकार डिजिटल इंडिया बिल की ओर वापसी कर रही है। हालांकि, एआई गवर्नेंस इससे अलग रखने का फैसला किया है।

# अवैध शराब बिक्री: ओवर टाइम–ओवर रेट

● रात आठ बजे के बाद चलते हैं शराब ठेकेदारों के रेट ● ओवर टाइम के बाद ओवर रेट में बिक रही है शराब ● राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समय के बावजूद खुल रहे शराब ठेके

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार द्वारा शराब ठेके खुलने व बंद होने का समय निर्धारित होने के बावजूद जिला मुख्यालय पर सरेआम शराब ठेकेदारों द्वारा नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य सरकार ने सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक शराब ठेके खुलने का समय निर्धारित किया हुआ है। इससे पहले या बाद में शराब बेचना अवैध है। नियमों की पालना करवाने के लिए आबकारी विभाग का वर्दीधारी अमला व पुलिस सख्ती बरतने की बात करते हैं, परंतु सच्चाई इससे कहीं दूर है। ठेकों पर 'गुप्त द्वार' के जरिए ओवर टाइम में ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है। अगर कोई इस पर सवाल-जवाब करता है तो शराब ठेकेदार के गुर्गे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। ऐसे नजारे रोजाना सुबह 10 बजे से पहले व रात को 8 बजे के बाद जिला मुख्यालय पर बसंती चौक, बस स्टैंड, शिव चौक, मीरा चौक, चहल चौक, हनुमानगढ़ रोड, कोडा चौक, गोल बाजार व भाटिया पेट्रोल पंप के सामने स्थित शराब ठेकों पर देखा जा सकता है। अधिकांश ठेकों पर मिलावटी शराब



बिकने की अगर कोई शिकायत करता भी है तो उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ठेकों पर ओवर टाइम के बाद धड़ल्ले से ओवर रेट में शराब बेची जाती है। प्रिंट रेट से ज्यादा वसूलने के बारे में पूछने पर ग्राहक को वापिस मोड़ दिया जाता है। अधिकांश ठेकों पर तो पुलिस थाने की दूरी काफी कम है। इसके बावजूद देर रात तक ठेकों पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं होती। अवैध शराब पर लगाम लगाने के लिए आबकारी विभाग के पास खुद का पुलिस जाब्ता है तथा जिला मुख्यालय पर आबकारी विभाग की पुलिस चौकी स्थापित है। आबकारी विभाग की नाक के नीचे सरेआम शराब ठेकों पर अवैध रूप से ओवर टाइम में ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है, परंतु शराब ठेकेदारों व आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शराब ठेकों के अलावा शहर में अनेक स्थानों पर अवैध रूप से ब्रांच के नाम पर ठेके खोले जा रहे हैं। आबादी क्षेत्र में शराब ठेके को मान्यता नहीं है, परंतु ब्रांच के नाम पर अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### ठेकों के बाहर शराब एटीएम हुए स्थापित

शराब ठेकों पर ओवर टाइम में अवैध शराब की बिक्री के लिए 'शराब एटीएम' स्थापित कर रखे हैं। ओवर टाइम में ठेके का शटर बंद होने के बाद दुकान के बाहर लगे क्यूआर स्कैनर पर पसंदीदा ब्रांड की ऑनलाइन पैमेंट करते ही 'गुप्त द्वार' से शराब बाहर आ जाती है। कुछ स्थानों पर तो शराब ठेकेदार के कर्मचारी अपनी जेब में क्यूआर कोड लेकर घूमते हैं। ऑनलाइन पैमेंट करते ही एक मिनट में शराब पहुंच जाती है। शराब की अवैध बिक्री सरेआम हो रही है। इसके बावजूद आबकारी व पुलिस के हाथ खाली है।

### मिलावटी शराब की बिक्री नहीं हुई कार्रवाई

*गौशाला रोड पर भाटिया पैट्रोल पंप के सामने स्थित शराब ठेके पर पिछले दिनों जवाहरनगर पुलिस ने शराब ठेकेदार निखिल वधवा सहित तीन लोगों को हरियाणा निर्मित 103 अलग-अलग अंग्रेजी ब्रांड की शराब पेटियों सहित गिरफ्तार किया था। शराब ठेकेदार निखिल वधवा पर इससे पूर्व भी मिलावटी शराब बेचने के आरोप लगते हैं। वधवा पर हरियाणा से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर यहां के अंग्रेजी बराड़ में मिलावट कर शराब बेचने के आरोप पिछले दिनों लगाए गए थे। इस मामले में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई थी। निखिल वधवा का गौशाला रोड पर स्थित शराब ठेके के अलावा शिव चौक पर एक ब्रांच है। हरियाणा निर्मित शराब की पेटियों सहित गिरफ्तारी के बावजूद निखिल वधवा पर मिलावटी शराब बेचने के आरोपों की जांच नहीं हुई। पुलिस व आबकारी अधिकारियों से मिलीभगत के चलते मिलावटी शराब बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर शराब ठेकेदार मोटी कमाई कर रहा है। परंतु कार्रवाई के नाम पर अधिकारियों के हाथ खाली है।*

# सम्पादकीय

## मान्यता देने फैसला

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सहजीवन का पंजीकरण अनिवार्य करने के खिलाफ एक याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है। आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि ऐसे रिश्ते के लिए यह कानूनी व्यवस्था क्यों करनी पड़ी। भारत में विवाह को स्त्री-पुरुष संबंध का मजबूत आधार माना जाता है। इसी से परिवार की नींव पड़ती है और हमारा समाज बनता है। इसके बरक्स अपने देश में सहजीवन को अभी तक सामाजिक मान्यता नहीं मिली है। अलबत्ता, ऐसे रिश्ते चुनने वाले युगलों पर कोई वैधानिक रोक नहीं है। लोकतांत्रिक समाज की इसे उदारता कह सकते हैं। फिर भी सहजीवन के विरोध और समर्थन में प्राय- दलीलें दी जाती रही हैं। कई वर्ष पहले विवाह पंजीकरण विधेयक पारित होने के बाद भी सहजीवन को लेकर सवाल उठे थे और इसकी व्यावहारिकता पर प्रश्नचिह्न लगे थे। आखिरकार सहजीवन में रह रहे युगल भी समाज का ही हिस्सा होते हैं और जहां भी रहते हैं, वहां उन्हें सब देखते और जानते ही हैं। इस तरह उनका कुछ भी गोपनीय नहीं रहता। ऐसे ही एक युगल के तर्क पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी गलत नहीं कि जब आप विवाह किए बिना साथ रहते हैं, तो सहजीवन का पंजीकरण आपकी निजता पर हमला कैसे हुआ? आप समाज में रह रहे हैं, न कि जंगल में। इसमें कोई दो मत नहीं कि अगर ऐसे किसी रिश्ते में गहरा समर्पण और एक-दूसरे पर भरोसा है, तो फिर डर कैसा? दरअसल, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सहजीवन का पंजीकरण अनिवार्य करने के खिलाफ एक याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है। आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि ऐसे रिश्ते के लिए यह कानूनी व्यवस्था क्यों करनी पड़ी? ऐसा क्यों लगता है कि सहजीवन से विवाह संस्था को खतरा है। क्या कोई भी समाज परिवार बनाने और बचाने की भावना को कमजोर होते देख सकता है? वहीं स्त्रियों की सुरक्षा भी बड़ा मुद्दा है। सहजीवन में रह रहीं कई महिलाओं से मारपीट और घरेलू हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय समाज में चिंता बड़ी है।

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती

किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपये प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ।

दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया जा



सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है।

यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपये तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी।

केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

# तेजी से बढ़ रही सी-सेक्शन डिलीवरी



**भारत** सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, देश में साल 2016 से 2021 के बीच सी-सेक्शन डिलीवरी के केस 17.2 प्रतिशत से बढ़कर 21.5 प्रतिशत हो गए। निजी अस्पतालों में ये मामले दोगुने से भी ज्यादा हैं। साल 2016 में डिलीवरी के 43.1 प्रतिशत केस में सी-सेक्शन की जरूरत पड़ी, जबकि 2021 में ये आंकड़ा बढ़कर 49.7 प्रतिशत हो गया। इसका मतलब है कि भारत में निजी अस्पतालों में हर दो में से एक डिलीवरी सी-सेक्शन के जरिए हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में साल 2000 में डिलीवरी के 12.1 प्रतिशत केस में सी-सेक्शन की जरूरत पड़ी। वहीं साल 2021 तक ये मामले बढ़कर 21.1 प्रतिशत हो गए। इसका मतलब है कि बीते दो दशकों में सी-सेक्शन के मामले लगभग 80 प्रतिशत बढ़ गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, सिर्फ 10 प्रतिशत-25 प्रतिशत डिलीवरी के मामलों में ही सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। जरूरत के बिना डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन का विकल्प नहीं चुनना चाहिए। इसके बावजूद निजी अस्पतालों में पैसे बनाने के चक्कर में सी-सेक्शन केस तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हर साल लगभग 30 प्रतिशत से ज्यादा डिलीवरी सिजेरियन प्रक्रिया से होती हैं। शहरी क्षेत्रों में इसका प्रतिशत ज्यादा है। कॉम्प्लिकेशन होने पर सी-सेक्शन से कई महिलाओं और बच्चों की जान बच सकती है। हालांकि, जरूरत के बिना सी-सेक्शन किया जाना चिंता का विषय बन रहा है। सी-सेक्शन डिलीवरी एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें पेट और गर्भाशय पर कट लगाकर बच्चे को बाहर निकाला जाता है। आमतौर पर इस प्रक्रिया की जरूरत तब पड़ती है, जब नॉर्मल डिलीवरी सुरक्षित नहीं होती है या फिर कुछ कॉम्प्लिकेशन का जोखिम होता है। सी-सेक्शन डिलीवरी की जरूरत तब पड़ती है, जब नॉर्मल डिलीवरी में मां या बच्चे की जान को जोखिम हो सकता है। यह समस्या तब होती है, जब गर्भ में बच्चे की पोजीशन ठीक नहीं होती है। अगर गर्भ में बच्चा उल्टा है या आड़ा-तिरछा है तो सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। मरीज को लोकल (स्पाइनल) या जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है। डॉक्टर पेट के निचले हिस्से पर कट लगाकर गर्भाशय तक पहुंचते हैं, फिर गर्भाशय में चीरा लगाकर बच्चे को बाहर निकालते हैं। बच्चे के जन्म के बाद गर्भनाल काटकर मां और बच्चे को अलग किया जाता है। टांके यानी स्टिचेज- इसके बाद गर्भाशय और पेट के कटे हुए हिस्से को टांके लगाकर बंद किया जाता है। लाइफस्टाइल में सुधार कर सी-सेक्शन के चांस कम किए जा सकते हैं। हालांकि, कॉम्प्लिकेशन ज्यादा होने पर डॉक्टर सी-सेक्शन की सलाह देते हैं। इसके बावजूद कुछ हेल्दी लाइफस्टाइल च्वॉइस अपनाने से नॉर्मल डिलीवरी के चांस बढ़ सकते हैं। कॉम्प्लिकेशन होने पर मां और बच्चे की जान बच सकती है। डिलीवरी के दौरान दर्द का एहसास नहीं होता है। प्लान किया गया सी-सेक्शन ज्यादा सुरक्षित होता है। सर्जरी के कारण रिकवरी में ज्यादा समय लग सकता है। अगली प्रेग्नेंसी में नॉर्मल डिलीवरी की संभावना कम हो जाती है। घाव के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। पेट की मसल्स कमजोर हो सकती हैं। आमतौर पर कम-से-कम 18 से 24 महीने का अंतर रखने की सलाह दी जाती है। अगली प्रेग्नेंसी से पहले शरीर का पूरी तरह रिकवर होना जरूरी है, ताकि अगला बच्चा स्वस्थ हो सके। लेकिन बेस्ट प्रैक्टिस यही है कि दो बच्चों के बीच कम से कम 3 से 5 साल का अंतराल हो। अगर मां और बच्चे की स्थिति सामान्य है तो अगली डिलीवरी नॉर्मल हो सकती है। इसे वेजाइनल बर्थ आफ्टर सिजेरियन कहा जाता है। हालांकि, सिजेरियन के बाद अगली डिलीवरी में डॉक्टर की सलाह जरूर लें। सी-सेक्शन में आमतौर पर 30 से 60 मिनट का समय लगता है। अगर इस दौरान कोई कॉम्प्लिकेशन होता है तो सामान्य से ज्यादा समय लग सकता है। हालांकि, इसकी रिकवरी में नॉर्मल डिलीवरी की तुलना में अधिक समय लग सकता है। सर्जरी के बाद मां और बच्चे को मॉनिटर करने के लिए 3 से 4 दिन अस्पताल में रहना होता है। इसकी रिकवरी में लगभग 4 से 6 हफ्ते का समय लग सकता है। इस दौरान टांकों की देखभाल और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करना जरूरी है। नेचर मेडिसिन में पब्लिश साल 2019 की एक स्टडी के मुताबिक, नॉर्मल डिलीवरी से जन्मे बच्चों की इम्यूनिटी सी-सेक्शन से जन्मे बच्चों की तुलना में ज्यादा मजबूत होती है। अगर बच्चा नॉर्मल डिलीवरी से जन्म लेता है, तो उसे मां की बर्थ कैनाल यानी जन्म नली से गुजरना होता है। इस दौरान वह कई अच्छे-बुरे बैक्टीरिया के संपर्क में आता है। ये गुड बैक्टीरिया बच्चे की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

## दो एमएल में फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** केन्द्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का बुधवार को ग्राम पंचायत 2 एमएल (नाथावाला) में आयोजन किया गया। कैंप में किसानों की फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी जारी की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत कोठा, हिन्दूमलकोट, 8 एचएच, चूनावढ़, मिर्जेवाला तथा चक महाराजका में फोलो-अप कैंप आयोजित किये गये। उक्त कैंपों में 220 किसानों की फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी जारी की गई। उक्त कैंपों में भू अभिलेख निरीक्षक, पटवारी हल्का, कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ई-मित्र संचालको ने उपस्थित रहकर कार्य किया। तहसीलदार श्रीगंगानगर श्री बृजलाल शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत 2 एमएल के कैंप का निरीक्षण किया गया। संबंधित उतहसीलदारों द्वारा भी अपने क्षेत्राधीन कैंपों में निरीक्षण किये गये। 20 फरवरी 2025 को उक्त सभी पंचायतों में फोलो.अप कैम्प आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि 20 से 22 फरवरी 2025 तक ग्राम पंचायत मटीलीराठान में फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित होगा। इसके संबंध में आज गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया गया। तहसीलदार श्री शर्मा द्वारा किसानों को कैम्पों में उपस्थित होकर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन बाबत् जागरूक किया गया व किसानों को योजना के लाभों की जानकारी दी गई।

## पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय में सीबीआई का छापा

### स्टोर और इंजीनियरिंग विभाग में मिली थी शिकायत, दस्तावेज जब्त; सामग्री प्रबंधक-स्टेनो से पूछताछ

जनमार्ग न्यूज

**जबलपुर।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार की शाम को पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पूरे कार्यालय में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में जबलपुर से लेकर दिल्ली तक सीबीआई के छापा मारने के जानकारी भी पहुंच गई। सूत्रों के मुताबिक कुछ अधिकारी सीबीआई की कार्रवाई के बाद अपने-अपने केबिन से बाहर भी निकल आए। करीब 3 से 4 घंटे तक सीबीआई ने कार्रवाई की और कई अहम दस्तावेज मौके से बरामद किए। बताया जा रहा है कि सीबीआई को अपने सूत्रों से जानकारी मिली थी कि पश्चिम मध्य रेलवे के स्टोर और इंजीनियरिंग शाखा से गड़बड़ी हुई है, जिसके बाद ही सीबीआई ने कार्यालय में दबिश दी थी।



**कई घंटे तक सीबीआई की टीम रही कार्यालय में:** बुधवार की शाम को अचानक ही सिविल गाड़ी में सीबीआई की टीम रेलवे स्टेशन के पास स्थित पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय में पहुंची। बिना किसी से कुछ कहे कार्यालय के अंदर पहुंच गई। बताया यह भी जा रहा है कि गेट पर खड़े सुरक्षा गार्ड से सीबीआई की टीम ने बात की और फिर कार्रवाई में जुट गई। दरअसल, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक दल ने पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय पर छापा मारा था। दिल्ली से आए अधिकारी बुधवार को अलग-अलग वाहनों से पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय कार्यालय में पहुंचे, और बिना किसी से कुछ बताए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। सीबीआई टीम ने इंजीनियरिंग विभाग के भंडार शाखा में जाकर छानबीन की, इस दौरान भंडार शाखा की ओर से क्रय की गई सामग्रियों और निविदा संबंधी प्रक्रियाओं के दस्तावेज भी चेक किए। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने स्टोर शाखा से कई अहम दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

**स्टोर रूप के प्रबंधक से पूछताछ:** पश्चिम मध्य रेलवे के भंडार शाखा के मुख्य सामग्री प्रबंधक (सीएमएम) अशोक कुमार और स्टेनो शैलेंद्र कुमार से सीबीआई ने लंबी पूछताछ की। दोनों से देर रात तक सीबीआई अधिकारी बंद कमरे में पूछताछ करती रही, जिसके बाद सीबीआई को कई अहम जानकारी भी मिली है। सीबीआई से जुड़े सूत्र बताते हैं कि टीम ने सीधे पश्चिम मध्य रेलवे के कार्यालय में दबिश दी, जिसके बाद मुख्यालय बिल्डिंग के द्वितीय तल पर स्थित इंजीनियरिंग विभाग के भंडार शाखा में पहुंचे। सीबीआई की टीम ने यहां पर अन्य लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी। शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों से एक-एक करके अलग-अलग पूछताछ की गई। शाम को जब कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों की छुट्टी हो गई उसके बाद भी सीबीआई जांच करती रही। इस दौरान मुख्यालय परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया गया।

**अधिकारियों की भी नहीं लगी जानकारी:** शाम को दिल्ली से आई सीबीआई टीम के अधिकारी देर रात तक पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय में डेरा डाले रहे। इस दौरान मुख्यालय से लेकर जबलपुर मंडल के कार्यालय तक हड़कंप मचा रहा। कई अधिकारियों को यह भी लग रहा था कि कभी भी सीबीआई की टीम उनके कार्यालय मे पूछताछ के लिए पहुंच सकती है। देर रात तक चली कार्रवाई को लेकर सीबीआई और रेलवे के किसी भी अधिकारी ने इस छापेमार कार्रवाई की जानकारी नहीं है। सूत्र बताते हैं कि सीबीआई का यह छापा भंडार शाखा में क्रय प्रक्रिया में अनियमितता और हाल ही में इटारसी से पकड़े गए वहां पर पदस्थ हेल्थ इंस्पेक्टर हरिमोहन मीणा की गिरफ्तारी के मामले से जोड़ा जा रहा है। हेल्थ इंस्पेक्टर को रेलवे स्टेशन में साफ-सफाई के एक पेंट्री कांट्रेक्टर का बिल पास करने के एवज में 75 हजार रुपए लेते पकड़ा गया था।

## भट्टा मजदूरों के शोषण के खिलाफ यूनियन की बैठक, 28 फरवरी को प्रदर्शन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** ईट भट्टा लेबर यूनियन जिला कमेटी हनुमानगढ़ की विस्तृत बैठक जिलाध्यक्ष रिद्धकरण कस्वा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न ईट भट्ठों से सैकड़ों जमादारों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से भट्टा मजदूरों की समस्याओं और उनके हक की लड़ाई को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में यूनियन के जिलाध्यक्ष कॉमरेड रिद्धकरण कस्वा ने कहा कि इलाके के भट्टा मालिक अपने मुनाफे को अधिकतम करने के लिए मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में ईटों की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन मजदूरों की मजदूरी में कोई सुधार नहीं किया गया। मजदूरों के हक को लेकर यूनियन हमेशा संघर्ष करती आई है और इस बार मजदूरी दरों में वृद्धि के लिए भी पूरी ताकत से लड़ा जाएगा।यूनियन के महासचिव कॉमरेड बलदेव मक्कासर ने कहा कि अब इंतजार का समय समाप्त हो चुका है। भट्टा मालिक केवल आंदोलन की भाषा समझते हैं, इसलिए अब मजदूरों को एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने घोषणा की कि 28 फरवरी को श्रम कल्याण विभाग पर एक बड़े प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर के भट्टा मजदूर भाग लेंगे।बैठक में सीटू जिला उपाध्यक्ष बसंत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बहादुर चौहान, कॉमरेड गुरनायब सिंह, रोहिताश शाक्य सहित अन्य वक्ताओं ने भी मजदूरों की समस्याओं और उनके हक की लड़ाई को लेकर विचार रखे।इस दौरान सदस्यीय कार्यवाहक तहसील कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमें भागीरथ जमादार, कृष्णलाल, बलजिंदर, बलराज, बन्टीराम, हरिलाल, जयाराम, बलवन्तराय, चानण सिंह, शैतान सिंह और बलराम रादस्य को शामिल किया गया।




[redacted]

## पलवल में 4 साल के बच्चे के साथ कुकर्म्दुकान पर सामान लेने गया था; पिता को रोता मिला

जनमार्ग न्यूज



**पलवल।** पलवल के बहीन थाना क्षेत्र में एक दुकान पर सामान खरीदने गए 4 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी 14 वर्षीय नाबालिग दुकानदार का बेटा है। पुलिस ने केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहीन में बुधवार को 4 वर्षीय बच्चा अपने घर के पड़ोस में कबाड़ और बच्चों के सामान की दुकान पर 10 रुपए लेकर खाने का सामान खरीदने गया था। जब बच्चा लंबे समय तक घर नहीं लौटा, तो परिवार के लोग उसकी तलाश में निकले। बच्चे के पिता ने बताया कि जब वे दुकान पहुंचे तो उन्हें बच्चा रोता हुआ मिला। बच्चे ने बताया कि दुकानदार का 14 वर्षीय बेटा उसे दुकान के अंदर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। पिता को देखते ही आरोपी किशोर दुकान से भाग गया। बहीन थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बच्चे के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजस्थान सरकार का बजट सराहनीय, प्रत्येक वर्ग का ख्याल रखा गया: निहालचंद



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद ने कहा कि 19 फरवरी 2025 को राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार द्वारा जारी बजट में प्रत्येक वर्ग का ख्याल रखा गया है तथा ये बजट किसानों, युवाओं, व्यापारियों व बेरोजगारों को रोजगार देने वाला बजट है। निहालचंद ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में राजस्थान सरकार द्वारा दो हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता दी जाती थी, जिसे बढाकर 3 हजार रूपये कर दिया गया है। अब किसानों को 6 हजार रूपये केन्द्र सरकार की ओर से व 3 हजार राजस्थान सरकार की ओर से इस प्रकार कुल 9 हजार रूपये प्रति किसान को मिलेंगे। गेहूं खरीद पर भी सरकार ने 150 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया है, जो किसानों के लिये हितकारी है। उन्होंने बताया कि आज के बजट में आगामी वर्ष में दो लाख घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य अनुकरणीय है, वहीं पर 183 नगर निकायों में 5 हजार करोड़ रूपये की राशि से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से निपटने के लिये 182 करोड़ रूपये की राशि का कंटीजेंसी प्लान का प्रावधान सराहनीय कदम है। ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर व सरप्लस विद्युत उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अगले वर्ष में 50 हजार किसानों को नये विद्युत कृषि कनेक्शन तथा 5 लाख परिवारों को घरेलू कनेक्शन दिये जायेंगे। सोलर उत्पादन पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार को बढ़ावा देने के लिये विवेकानंद रोजगार कोष की स्थापना कर 500 करोड़ रूपये की राशि की व्यवस्था की गई है। रोजगार नीति 2025 को शुरू करना अच्छा कदम है। आगामी वर्ष में 1 लाख 25 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाई जायेगी। वृद्धजन, विधवा, एकल नारी, विशेष योग्यजनों को दी जाने वाली पेंशन की राशि बढाकर 1250 रूपये प्रतिमाह कर दी गई है।

## 4 दिन पहले गैंगरेप...अब नाबालिग लड़की ने लगाई फांसी

### भिलाई में सुसाइड नोट में लिखा- बॉयफ्रेंड ने कमरे में बुलाया, दोस्तों संग मिलकर दुष्कर्म किया

जनमार्ग न्यूज

**भिलाई।** भिलाई में 17 साल की लड़की ने गैंगरेप के बाद घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। कमरे में सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आदी बारले (19) और उसके दोस्तों पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। लड़की के मोबाइल में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिले हैं, जिसमें 16 फरवरी को गैंगरेप का जिक्र है। घटना के दो दिन बाद रविवार 18 फरवरी को उसने सुसाइड किया है।

आदी और नाबालिग के बीच जून से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने कई महीने तक लड़की के साथ संबंध बनाए। परिजनों ने बेटी को ब्लैकमेल करने की बात भी कही है। वहीं पुलिस इसे सिर्फ खुदकुशी का मामला बता रही है। उनके मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने, सुसाइड नोट और अन्य सबूतों की जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट हो पाएंगी।

आदी बारले और नाबालिग लड़की एक ही मोहल्ले में रहते थे, दोनों के बीच प्यार का मामला था। पिछले कई महीनों से वे एक दूसरे से फोन पर बातें करते और वॉट्सअप में चैट करते थे। धीरे-धीरे उनके बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गई कि आदी ने लड़की को अकेले कमरे में बुलाना शुरू कर दिया। जब नाबालिग उससे मिलने पहुंची तो उसने उसे प्यार और जीवन भर साथ देने का वादा करके उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आदी के दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन लोगों ने मिलकर लड़की का गैंगरेप करने का प्लान बना डाला।

16 फरवरी को आदी ने लड़की को अकेले होने की बात बोलकर अपने कमरे में बुलाया। उसके बाद वहां उसके दोस्त पहुंच गए और इसके बाद सभी ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इस घटना से लड़की इतनी टूट गई की उसने पूरी सच्चाई अपने भाई और मां को बताई। इसके बाद 18 फरवरी की दोपहर जब घर में कोई नहीं था, तब वह पंखे से फंदा बनाकर झूल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेट भरने के लिए 11 साल की उम्र में 10 फीट ऊंचाई पर करतब दिखाती युवती

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ़।** चूनावढ बस स्टैंड के चौक पर बुधवार दोपहर को छत्तीसगढ़ के एक परिवार की 11 साल की मंजू ने अपनी जान को जोखिम में डालकर करतब दिखा रही है वहीं गाना गूंज रहा था बड़ी- मस्तानी है मेरी मेहरबां- --- तीन स्टूलों पर सर पर बोतल रखकर संतुलन का अद्भुभूत प्रदर्शन कर रही थी मंजू के पिता ओम नट ने बताया कि इसी करतब के सहारे परिवार का खर्च चलता है यह परिवार गांव-गांव शहर शहर चौक चौराहा पर दिन में तीन-चार जगह करतब दिखाता है ओम ने कहा कि उनके परिवार पिढियो से करतब दिखाकर ही अपनी रोजी-रोटी चला रहा है मंजू भी इसी परंपरा को निभा रही है स्कूल जाने की उम्र में मंजू 10 फीट ऊंची तीन स्टूल पर चढकर अपना करतब प्रदर्शन दिखाकर अपने परिवार का पेट भरने में मदद कर रही है प्रचार ढाणी के चौधरी विनोद प्रचार का कहना है कि प्रशासन और समाज को ऐसे बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए अगर यह बच्चे स्कूल जाएंगे और सही मार्गदर्शन मिलेगा तो उनका भविष्य बेहतर बन सकता है सरकारी योजनाओं का लाभ ऐसे परिवारों तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से प्रयास होने चाहिए।

## तीन दिन बारिश का अलर्ट: फिर लुढ़केगा दिन-रात का पारा

**रायपुर (जनमार्ग न्यूज)।** छत्तीसगढ़ के मौसम में उलटफेर का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक तीन दिन यानी आज (गुरुवार) से 22 फरवरी के बीच बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। इसके बाद अगले 3 दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। बुधवार को प्रदेश में बालोद जिला सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 35.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री रिकॉर्ड किया।

## अश्व मेला पांचवें दिन जारी



**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** अश्व व पशुपालक सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक अश्व मेले के पांचवें दिन बुधवार को जारी रहा। दूर दूर के राज्यों से अश्व पालक मेले में पहुच चुके है और मेले की रौनक बनी हुई है। बुधवार को आयोजित दूसरे दिन आयोजित डिस्प्ले प्रतियोगिता में सैकड़ों घोड़ों और अश्व पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राईवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण विजय, एसआरएस निजी स्कूल संघ के जिला संगठन मंत्री राजेश मिड्डा, भाखड़ा प्रोजेक्ट चैयरमैन मनप्रीत सिंह, आरके त्यागी, पवन शर्मा, गुरदीप सिंह थे। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न नस्लों के सुंदर और प्रशिक्षित घोड़ों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अश्वपालकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष रिछपाल सिंह मान ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी को मेले में छोटी और बड़ी चाल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में घोड़ों की चाल, संतुलन और प्रशिक्षण क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा। वहीं, 21 फरवरी को मेले का सबसे रोमांचक आकर्षण अश्व नृत्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें घोड़े अपने प्रशिक्षकों के निर्देशन में नृत्य प्रस्तुत करेंगे। मेले में पशुपालन विभाग की टीम द्वारा घोड़ों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है ताकि पशुओं की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा मेला मैदान में निरंतर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे धूल-मिट्टी की समस्या को नियंत्रित किया जा सके और मेले में आने वाले दर्शकों व पशुपालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मेले के सफल संचालन में समिति के अध्यक्ष रिछपाल सिंह मान, करनी सिंह गिल, भरपूर सिंह, मोहन सिंह, धन सिंह सहित अन्य सदस्यों और स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इन्वेस्टर्स समिट में मुकेश अंबानी, महिंद्रा और जिंदल नहीं आएंगे

## अडाणी, बिड़ला, टाटा, गोदरेज की सहमति; पारले की शाउना चौहान सहित 3000 महिलाएं आएंगी

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने वाले उद्योग समूहों की लिस्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अडाणी इंडस्ट्री के चेयरमैन गौतम अडाणी, बिरला ग्रुप के कुमारमंगलम बिड़ला, गोदरेज समूह के नादिर गोदरेज, जेके सीमेंट के राघवपत सिंघानिया, फोर्स मोटर्स के अभय फिरोदिया के आने की सहमति मिल चुकी है।

सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नोएल टाटा ने भी सहमति दे दी है, लेकिन अब तक उनका शेड्यूल नहीं आया है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, विप्रो के अजीम प्रेमजी, जेएसडब्ल्यू के सज्जन जिंदल और महिंद्रा ग्रुप से आनंद महिंद्रा की सहमति 19 फरवरी तक नहीं मिल पाई है। इन्वेस्टर्स समिट के 3 दिन पहले तक सहमति नहीं मिलने से माना जा रहा है कि इनके आने की संभावना नहीं है।

मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) के अधिकारियों के मुताबिक समिट के लिए करीब 22 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसमें उद्योग जगत से जुड़ीं महिलाएं भी शिरकत कर रही हैं। बता दें कि भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। अगले दिन यानी 25 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी समिट में शामिल होंगे।

**19 फरवरी तक नहीं मिली इनकी सहमति**

अंबानी फैमिलीः रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, आकाश अंबानी, अनंत अंबानी की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। सरकार के अधिकारियों का तर्क है कि अब तक इनकार भी नहीं आया है। रिलायंस की एमपी यूनिट के पास भी अब तक अंबानी परिवार के किसी सदस्य के आने की कंफर्मेशन नहीं आई है।

अजीम प्रेमजीः विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी को भी सरकार ने आमंत्रण भेजा है। प्रेमजी की तरफ से इस आमंत्रण पर कोई जवाब नहीं आया है।

**आनंद महिंद्राः** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा का भी शेड्यूल 19 फरवरी तक नहीं आया है।

**सज्जन जिंदलः** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल और उनके बेटे पार्थ जिंदल की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। बताया गया है कि इस दौरान सज्जन जिंदल यूरोप में रहेंगे।

**क्यों है इनके आने पर संशयड़**

इसे ऐसे समझिए- अडाणी समूह के गौतम अडाणी और बिरला ग्रुप के कुमारमंगलम बिड़ला ने दस दिन पहले ही इन्वेस्टर्स समिट में आने की सहमति दे दी है। इनकी भोपाल में आने से लेकर समिट तक पहुंचने की सारी व्यवस्थाओं के लिए सरकार की तरफ से लाइजनिंग अधिकारी की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी लगातार इनके दफ्तरों से संपर्क में हैं। वे यदि चार्टर्ड प्लेन से आने वाले हैं तो एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से कॉन्टैक्ट करने की जिम्मेदारी भी इसी अधिकारी की होगी। उनके होटल की बुकिंग और वाहनों की व्यवस्था की जिम्मेदारी भी लाइजनिंग अधिकारी की होगी। जिन लोगों के आने की सहमति नहीं मिली है, उनके लिए अभी किसी तरह की व्यवस्था नहीं हुई है।

**बाबा रामदेव ने भी अब तक सहमति नहीं दी**

पतंजलि ग्रुप के योग गुरु बाबा रामदेव 2014 के इन्वेस्टर्स समिट में प्रमुख चेहरा रहे हैं। तब उन्होंने कहा था कि वे मध्यप्रदेश में जींस, पेंट, साड़ी, कोट से लेकर लंगोट तक बनाएंगे। रामदेव ने कहा था- हमें 45 एकड़ जमीन ही मिली है। इतने में तो हम कबड्ड्डी खेलते हैं। हमें और जमीन चाहिए। पतंजलि ग्रुप जो कर रहा है, उससे प्रदेश के किसानों को दस हजार करोड़ रुपए की आय होगी। दस हजार किसानों को रोजगार दिलाएंगे। हालांकि, पतंजलि ग्रुप का 10 साल में प्रदेश में वैसा विस्तार नजर नहीं आया है।

**तीन हजार महिला उद्यमी भी होंगी शामिल**

इन्वेस्टर्स समिट के लिए 22 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं, इनमें 3 हजार महिलाएं भी हैं। इनमें से 1300 महिलाएं एमएसएमई और स्टार्टअप समिट में भागीदारी करेंगी। पारले ग्रुप की सीईओ शाउना चौहान ने भी समिट में शामिल होने के लिए सहमति दी है।

**सरकार का तर्क- पिछली समिट से ज्यादा इंपैक्टफुल होगी**

सरकार का तर्क है कि इस साल की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पिछली समिट से ज्यादा इंपैक्टफुल होगी। वजह ये है कि सरकार ने पिछले साल आठ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया है। प्रदेश के अलग-अलग शहरों के अलावा कोलकाता, बेंगलुरु, कोयंबटूर में आयोजित कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. मोहन यादव और अधिकारियों ने उद्योगपतियों से मुलाकात की थी। समिट के जरिए सरकार 2 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिलने का दावा कर रही है। इस समिट में एमओयू साइन नहीं होंगे। जो उद्योगपति निवेश करना चाहते हैं, वे इंटेंट लेटर सरकार को देंगे। इसमें लिखा होता है कि वे किस सेक्टर में कितना निवेश करना चाहते हैं।

साल 2023 में इंदौर में हुई इन्वेस्टर्स समिट में 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव सरकार को मिले थे। सरकार का दावा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इससे कहीं ज्यादा निवेश के प्रस्ताव मिलेंगे।

### वो बड़े नाम जिनकी सहमति मिल चुकी है...



गौतम अडाणी — चेयरमैन, अडाणी ग्रुप
नोएल टाटा — चेयरमैन, टाटा ट्रस्ट (मौखिक सहमति दी है)
कुमारमंगलम बिड़ला — चेयरमैन, आदित्य बिरला ग्रुप
नादिर गोदरेज — गोदरेज एग्रोवेट के चेयरमैन
अभय फिरोदिया — चेयरमैन फोर्स मोटर्स
संजीव पुरी — आईटीसी, चेयरमैन
राघवपत सिंघानिया — जेके सीमेंट्स, एमडी
अश्विनी अरोरा — दावत फूड्स, चेयरमैन
रवि झुनझुनवाला — एचईजी, चेयरमैन

# कल मां का अंतिम संस्कार, आज मंत्री पद की शपथ

## दिल्ली कैबिनेट में बिहार के पंकज सिंह; बोले- अगली छठ में यमुना साफ मिलेगी

जनमार्ग न्यूज

**पटना।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद आज रेखा गुप्ता ने ष्टरू पद की शपथ ली। नई सरकार के गठन में बिहार को भी तरजीह दी गई है। बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले पंकज सिंह को रेखा गुप्ता के मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। रेखा गुप्ता के साथ 6 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें पंकज सिंह भी शामिल हैं। वो दिल्ली के विकासपुरी से विधायक बने हैं। पंकज राजपूत जाति से आते हैं। 18 फरवरी को पंकज सिंह की मां सीता सिंह का निधन हुआ था। कल यानी 19 फरवरी को दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके छोटे भाई नीरज सिंह ने कहा कि आज मां जिंदा होती तो उन्हें गर्व होता। पंकज सिंह बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड के धरौली गांव के रहने वाले एमसीडी के पूर्व कमिश्नर स्वर्गीय राजमोहन सिंह के बेटे हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार महिंद्र यादव को लगभग 13,364 वोट से हराकर कर विकासपुरी विधानसभा से जीत दर्ज की।



उम्र- 48
शिक्षा- ग्रेजुएट
सीट- विकासपुरी
दिल्ली में बीजेपी के विनिंग फैक्टर में पूर्वांचलियों का बड़ा रोल है। इस वजह से बिहार के बक्सर से आने वाले पंकज कुमार सिंह मंत्री बने।
पंकज पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले वह पार्षद रह चुके हैं। पंकज कुमार के पिता दिल्ली में MCD कमिश्नर थे।

**पेशे से डेंटिस्ट हैं पंकज सिंहः** पंकज सिंह का जन्म 6 नवंबर 1977 को दिल्ली के विकासपुरी में हुआ। पंकज सिंह पेशे से डेंटिस्ट हैं। बिहार से ही उन्होंने ब्ध्रस्ट्स की डिग्री हासिल की है। पंकज सिंह की पत्नी रश्मि भी डेंटिस्ट हैं। स्रूष्ठ के पार्षद के रूप में पंकज सिंह ने पॉलिटिकल करियर की शुरुआत की।

**बक्सर में हर साल कराते हैं फुटबॉल टूर्नामेंटः** पंकज बचपन से ही दिल्ली में रह रहे हैं। पंकज 4 भाइयों में तीसरे नंबर के हैं। बड़े भाई मनोज सिंह सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट के साथ-साथ बार काउंसिल ऑफ इंडिया के एक्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन भी हैं। जबकि, दूसरे और चौथे भाई नीरज कुमार सिंह और राहुल कुमार सिंह दिल्ली हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं। पंकज हर साल बक्सर के अपने गांव में पिता के नाम पर बाबू राजा मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं। इसमें राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल टीमें हिस्सा लेती है। साल में एक बार पंकज इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आते हैं।

# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

जनमार्ग न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार देर रात काकोरी थाना के बेहटा गांव में हुई। मृतक की पहचान 43 साल अंकित लोधी के रूप में हुई है। दरअसल, गांव में एक शादी में पहले दो गुटों में विवाद हुआ। इसी बात को लेकर कुछ देर बाद प्रापर्टी डीलर अंकित के जीजा ने उसे पान की दुकान पर बुलाया। यहां दूसरे गुट के बदमाशों ने गाली देते हुए फायर झोंक दिया। हमलावरों में 4 युवक शामिल थे। फायरिंग में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सड़क हादसे में चार की मौत: फैक्ट्री जाने के दौरान दो को ट्रेलर ने कुचला

जनमार्ग न्यूज

**गिरिडीह/हजारीबाग।** झारखंड के गिरिडीह और हजारीबाग में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। गिरिडीह की घटना गुरुवार की सुबह हुई। इसमें फैक्ट्री जाने के दौरान दो युवकों को ट्रेलर कुचलता हुआ आगे निकल गया। वहीं, हजारीबाग में हुई दुर्घटना बुधवार की देर रात हुई। इसमें एक ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। दोनों ही घटना में चारों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर डांडीडीह वनांचल कॉलेज के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो फैक्ट्री कर्मियों को कुचल दिया। हादसे में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झगरी निवासी शंकर साव पंडित (32) और पचंबा थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी अनीश अहमद (32) की मौत हो गई। दोनों औद्योगिक क्षेत्र स्थित बालमुकुंद फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। दोनों एक ही बाइक से फैक्ट्री जा रहे थे। इसी बीच उनकी दूसरी बाइक से टक्कर हो गई और शंकर साव व अनीश सड़क पर गिर गए। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रेलर ने दोनों को कुचल दिया और आगे निकल गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, खबर मिलते ही मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, एसडीपीओ जितवाहन उराव और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो घटनास्थल पर पहुंचे। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन से बात की। सरकार की तरफ से दोनों मृतकों के परिवार को राहत और मुआवजे का आश्वासन दिया गया। इसके बाद जाम समाप्त हुआ। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। धनबाद पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। ट्रेलर की तलाश जारी है और कार्रवाई की जाएगी। -जितवाहन उरांव, सदर एसडीपीओ वहीं, हजारीबाग के पदमा में एनएच-33 पर इटखोरी मोड़ के पास बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। अडार गांव के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतकों की पहचान कटकमसांडी निवासी राहुल कुमार यादव (पिता बैजनाथ यादव) और इचाक निवासी अनिल कुमार (पिता गुलाब) के रूप में हुई। दोनों युवक इटखोरी मोड़ से पदमा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान इटखोरी से हजारीबाग की ओर आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। देर रात परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया, जिसके कारण प्रशासन को लाठी भी चटकानी पड़ी।

घटना की जानकारी मिलने पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार सुबह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे डॉक्टरों के साथ हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डॉक्टरों से दुर्व्यवहार करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा ने भूपेश का बोरिया-बिस्तर समेटने का कार्टून किया जारी

## जवाब में बघेल बोले- किसी को खुश होने की जरूरत नहीं, छत्तीसगढ़ नहीं छोड़ रहा

**रायपुर (जनमार्ग न्यूज)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब के नए प्रभारी बनाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, किसी को खुश होने की जरूरत नहीं, मैं छत्तीसगढ़ नहीं छोड़ रहा हूं। उनका ये बयान बीजेपी के जारी किए गए एक कार्टून के जवाब में आया है, जिसमें उन्हें छत्तीसगढ़ से बोरिया-बिस्तर समेटकर जाते हुए दिखाया गया है। बीजेपी के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से जारी किए गए भूपेश बघेल के कार्टून में बाय बाय छत्तीसगढ़का कैप्शन दिया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ में हाथ साफ बताते हुए बघेल के कार्टून को बोरिया-बिस्तर ले जाते दिखाया गया है और साथ ही स्पीच बबल में पुरानी फिल्म का एक गीत 'हम तो चले परदेस, हम परदेसी हो गए' लिखा गया है।

**रमन सिंह पर साधा निशानाः** इसी कार्टून पर पर प्रतिक्रिया देते हुए बघेल ने कहा कि उनकी राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी का असर प्रदेश की राजनीति में उनकी सक्रियता पर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रमन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष होते हुए भी 5 साल राज्य से बाहर निकले ही नहीं। मैं प्रदेश में रहते हुए देश के विभिन्न राज्यों में चाहे वो संगठन के मामले हों या राज्य के, जिम्मेदारी दी गई तो उसका निर्वहन मैंने किया। भूपेश बघेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे प्रदेश की राजनीति से दूर हो जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे।




**रायपुर एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागतः** राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद दिल्ली से लौटे भूपेश बघेल का रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार को भव्य स्वागत हुआ। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंचे और जोरदार नारेबाजी की।

**कांग्रेस अध्यक्ष के बयान का समर्थनः** बघेल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें कहा गया था कि पार्टी नेतृत्व जिसे भी किसी राज्य का प्रभार देता है, उसकी सफलता या असफलता की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर किसी को कोई जिम्मेदारी दी जाती है, तो उसका आकलन भी होना चाहिए।

**कांग्रेस में बदलाव के संकेतः** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में मंथन जारी है। बघेल की राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब प्रभारी के रूप में नियुक्ति को पार्टी में बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने साफ कर दिया कि वे छत्तीसगढ़ में अपनी सक्रियता बनाए रखेंगे।

# सर्वजनहिताय बजट से होगा राज्य का समग्र एवं सतत विकास: भजनलाल शर्मा

## प्रधानमंत्री के विजन और संकल्प पत्र के वादों को साकार करेगा बजट

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और राज्य की जनता से संकल्प पत्र में किये गये वादों के अनुसार राज्य बजट 2025-26 प्रस्तुत किया गया है। राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 58 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे कर दिये है। उन्होंने कहा कि सर्वजनहिताय बजट राजस्थान के जन-जन और प्रदेश के कण-कण को समर्पित है। यह बजट राज्य का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करेगा।

माननीय मुख्यमंत्री ने विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट वर्ष 2025-26 पर कहा कि राज्य सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की विचारधारा के अनुरूप कार्य कर रही है। गत जुलाई माह में प्रस्तुत परिवर्तित बजट की 96 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं में हमने भूमि आवंटन कर दिया है तथा लगभग 85 प्रतिशत से ज्यादा घोषणाओं से संबंधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। शर्मा ने कहा कि संभवतया ऐसा पहली बार है कि सात माह के अल्प समय में ही बजट घोषणाओं को इतने वृहद स्तर पर धरातल पर उतारा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश की चार जातियों युवा, महिला, मजदूर और किसान के उत्थान से ही देश का विकास संभव है और प्रदेश का यह बजट आठ करोढ़ राजस्थानियों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी में बदलने के लिए कटिबद्ध है।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान भी अब ग्रीन बजट पेश करने वाले देश के चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है। सस्टेनेबल ग्रीन प्रणाली को प्रोत्साहित करने, क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने, बायोडायवर्सिटी, वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन एनर्जी, रिसाइक्लिंग आदि को प्रोत्साहित करने के लिए कुल राज्य बजट की 11.34 प्रतिशत राशि का प्रावधान ग्रीन बजट के लिए किया गया है।

उन्होंने बजट को जनहित में समर्पित और विकासोन्मुख बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ठोस प्रावधान किए गये हैं, जो राज्य के सम्पूर्ण विकास को सुनिश्चित करेंगे। आगामी वर्ष में 20 लाख घरों तक पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य लेकर राज्य सरकार कार्य करेगी। नगरीय क्षेत्रों में घर-घर नल से जल पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन शहरी शुरू किया जाएगा। इसमें 5 हजार 830 करोड़ रूपए की लागत से काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आय बड़ा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश में दी जा रही 8 हजार रूपए की राशि को बड़ा कर 9 हजार रूपए प्रति वर्ष करने की घोषणा की गई है। किसानों को गेहूं के एमएसपी पर दिए जा रहे 125 रूपए प्रति क्विंटल के बोनस के स्थान पर अब 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में हमने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की थी, अब इस बजट में इस योजना में बीमित पशुपालकों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। गोशालाओं तथा नंदीशालाओं में प्रति पशु देय अनुदान बढ़ा कर 50 रूपए प्रति दिन किया जाएगा।



माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन के प्रावधानों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। युवाओं के विकास एवं कल्याण के लिए राजस्थान रोजगार नीति 2025 लाई जाएगी, जिसके अंतर्गत 500 करोड़ रूपए खर्च कर विवेकानंद रोजगार सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी। चार लाख सरकारी नौकरियों के वादे को पूरा करने की दिशा में आगामी वर्ष में सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां की जाएंगी। निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष में डे? लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आगामी वर्ष से सप्ताह में 5 दिवस दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की पेंशन को आगामी वर्ष से बढ़ाकर 1250 रूपये प्रतिमाह किया जाएगा। विमुक्त घुमंतु और अर्ध घुमंतु समुदायों के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए दादूदयाल घुमंतु सशक्तिकरण योजना प्रारंभ की जाएगी। राजीविका मिशन के अंतर्गत अब प्रदेश की 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आगामी वर्ष 975 करोड रूपये की इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के कार्य हाथ में लिए जाएंगे। साथ ही प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए हेरिटेज पर्यटन, नाइट टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन, ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के लिए बजटीय प्रावधान भी किये गये है। प्रयागराज महाकुंभ में की गई घोषणा के क्रम में राज्य में तथा राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों के पुनरूद्धार के कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने पर बजट में विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश में जन-जन के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के साथ ही आमजन की निशुल्क जांच एवं दवा हेतु 3 हजार 500 करोड़ रूपये का मा कोष गठित किया जाएगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के विशेष केयर पैकेज, किशोरों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के पैकेज, ओरल कैंसर हेतु पैकेज तथा विशेष योग्यजनों हेतु पैकेज इस योजना में जोड़े जाएंगे। ट्रकए बस ड्राइवरों तथा दर्जी, बढई, नाई आदि कारीगरों की आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मे उपलब्ध करवाने के लिए मा नेत्र वाउचर योजना लागू की जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नए बने 8 जिलों में समस्त विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों की स्थापना और यहां आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान इस बजट में किया गया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के देश की सीमा पर दिए जा रहे योगदान को ध्यान में रखते हुए इन्हें अब प्रदेश में फायर सर्विसेज में भी आरक्षण दिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक साल में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़कर 150 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने का भी काम करेगी। इसके अलावा 50 हजार कृषि कनेक्शन और 5 लाख घरेलू बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में स्टेट हाइवे, बाईपास, रेलवे ओवर ब्रिज एवं अण्डर ब्रिज आदि के निर्माण, विकास और सुधार के लिए 5 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। राज्य में 2,750 किमी से अधिक लंबे 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे, जिनकी लागत लगभग 60 हजार करोड़ रूपये होगी। इसके अलावा 21 हजार किलोमीटर नॉन पेचेबल सड़कों के कार्यों के लिए 6 हजार करोड़ रूपये का बजट रखा गया है।





## बूंदाबांदी से फसलों को हुआ फायदा, किसानों के चेहरे खिले

**चूनावढ़।** उप तहसील क्षेत्र में सुबह से ही बादल आसमान पर मंडराने लगे जिससे दोपहर 3ः00 बजे के बाद शाम तक रुक रुक कर बूंदाबांदी होती रही जिससे एक बार लोगों ने गर्म वस्त्र कोट व जरसियो को उतार कर रख दीए थे लेकिन आज फिर दोबारा गर्म म वस्त्रों लोगों को पहनने पड़े बूंदाबांदी होने से फसलों को फायदा मिला है जिससे किसानों के चेहरे खिले-खिले नजर आ रहे हैं।

## हिमाचल के पहाड़ों पर बर्फबारी :मैदानी इलाकों में बारिश, मनाली-कुफरी में भी हिमपात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सुबह से बर्फबारी हो रही है। शिमला और मनाली में भी कुछ देर के लिए हल्की बर्फ गिरी। मगर जमीन पर टिक नहीं पाई। अटल टनल रोहतांग में सुबह से बर्फबारी जारी है। इससे अटल टनल रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। शिमला के नारकंडा और कुफरी में भी सुबह से रुक रुक कर बर्फबारी हो रही है। इससे सड़क पर फिसलन बड़ गई है। खासकर नारकंडा में नेशनल हाईवे को वाहनों के लिए बंद करना पड़ा। कुफरी और फागू के बीच भी सुबह से ही फिसलन के कारण ट्रैफिक जाम है। सड़क पर फिसलन को देखते हुए शिमला पुलिस ने लोगों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी है। कुफरी में सुबह के वक्त बर्फबारी के बीच शिमला की आते हुए गाड़ियां, बर्फ के कारण सड़क पर फिसलन बड़ी है। मौसम विभाग ने आज हैवी स्नोफॉल का ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। यह चेतावनी कांगड़ा, कुल्लू, चंबा और मंडी के ऊंचे क्षेत्रों को दी ग है। इन जिलों में एक-दो स्पेल में भारी हिमपात हो सकता है। ढ्डस्ड्ड के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कल सुबह तक रहेगा। कल दोपहर बाद से वेस्टर्न डिस्टरबेंस कमजोर पड़ेगा। शिमला के मशहूर पर्यटन स्थल कुफरी, नारकंडा, मनाली, सोलंग नाला, डलहौजी और सिस्सू में अच्छी बर्फबारी हुई है। इससे इन जगह पर अगले कुछ दिन तक टूरिस्ट बर्फ देख सकेंगे। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस की सक्रियता को देखते हुए टूरिस्ट सहित स्थानीय लोगों को एडवाइजरी जारी की है। लोगों को अधिक ऊंचे क्षेत्रों में नहीं जाने, सावधानी बरतने, बर्फ वाली सड़क पर सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने को कहा।

# हीटर से लगी आग में जिंदा जली महिला

## बेटे ने की बचाने की कोशिश, आग की लपटों ने रोका रास्ता

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर 28 स्थित सरस्वती विहार के मकान नंबर 940 में आधी रात को लगी आग में 80 साल की महिला जिंदा जल गई। आग की लपटों में घिरी मां को बचाने के लिए बेटे ने कमरे में घुसकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि वह अंदर नहीं जा सका। परिवार के सदस्यों की आंखों के सामने बुजुर्ग महिला पूरी तरह से जल गई। बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को कॉल किया। सेक्टर 29 थाना पुलिस और फायर की टीम मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझती, तब तक अंजली बक्शी नाम की महिला जलकर कंकाल बन चुकी थी। पुलिस ने जला हुआ शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के बेटे शांतनु बक्शी ने बताया कि उसकी मां काफी समय से बीमार थी और ठंड से बचाव के लिए उन्होंने ब्लोवर हीटर लगाया था। रोजाना



की तरह रात को नौ बजे वे उन्हें संभाल कर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आकर सो गए थे। रात को 12 बजे के करीब उन्हें आवाज तेज तेज आवाज सुनाई दी तो वे मकान से बाहर निकले। जब उन्हें फर्स्ट फ्लोर से आग की लपटें देखी तो वे ऊपर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरे फ्लोर पर फैल चुकी थी। कमरे में एलपीजी के दो सिलेंडर रखे हुए थे, संयोग से रेगूलेटर बंद होने की वजह से सिलेंडर में भरी गैस ने आग नहीं पकड़ी। शांतनु ने बताया कि पहले 24 घंटे के लिए घर में मेड थी तो वह मां के साथ सोती थी, लेकिन कुछ दिन पहले वह काम छोड़ कर चली गई, जिसके बाद अब नई मेड सुबह नौ बजे से शाम को सात बजे तक रहती है। जाते समय वह सिलेंडर का रेगूलेटर बंद करके चली गई। अगर एलपीजी सिलेंडरों में आग लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### एक दिन में चार जगह लगी आग

गुरुवार को एक ही दिन में गुरुग्राम में चार जगह आग लग गई। पहली घटना सेक्टर 54 में कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट के लेबर रूम में, दूसरी घटना सेक्टर 90 चौक के पास कचरे और खाली जगह में पड़े कबाड़ में लगी। रात को सदर बाजार की एक दुकान में आग लग गई। इसके बार रात को सेक्टर 28 में शांतनु बक्शी के मकान में आग लग गई।

## शिमला में 5 गाड़ियां क्षतिग्रस्त, 2 घायल : तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

जनमार्ग न्यूज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बुधवार देर रात करीब 10:40 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी 4 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसा एनएच-5 के विकासनगर में हुआ। कार पंथाघाटी की तरफ से आ रही थी। हादसे में दो लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घायल वीरेंद्र सिंह कंवर के बयान के अनुसार, वह संदीप चंदेल की ब्लेनो कार (नंबर एचपी 09सी-6845) में कसुम्पटी से बीसीएस की तरफ जा रहे थे। जब वे पेट्रोल पंप के मोड़ पर पहुंचे, तो सामने से आ रहे एक वाहन की तेज रोशनी उनकी गाड़ी पर पड़ी।



ड्राइवर संदीप चंदेल ने रोशनी से बचने के लिए गाड़ी को बाईं तरफ मोड़ दिया। इस दौरान उन्होंने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कई वाहनों से टकरा गई। हादसे में मारुति स्विफ्ट (एचपी 63ए-3753), इग्निस (एचपी 52सी-5903), ऑल्टो (एचपी 52सी-2049) समेत अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# कुंभ में 26 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर

❑ पाकिस्तान के हादसे के वीडियो को महाकुंभ का बताया; ये प्रयागराज है...थीम सॉन्ग लगाकर पोस्ट किए

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के सड़क हादसे का वीडियो महाकुंभ से जोड़कर पोस्ट किया गया। अब तक 10 तरह के अलग-अलग भ्रामक वीडियो और सूचनाएं पोस्ट करने पर 101 सोशल मीडिया अकाउंट पर मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इनके एडमिन और आईपी एड्रेस ट्रेस किए जा रहे हैं। फेसबुक के कैलिफोर्निया हेडऑफिस को लेटर भेजा गया है।

**लिखा- पाप धोने के चक्कर में जिंदगी से धो बैठोगे हाथः** महाकुंभ से जुड़ी अफवाहों और फर्जी पोस्ट को लेकर पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। पुलिस को ऐसी पोस्ट मिलीं, जिन पर लिखा था- माता पिता की सेवा करके भी उतर जाएगा पाप, यहां पाप धोने के चक्कर में जिंदगी से भी हाथ धो बैठोगे। इस वीडियो के बैकग्राउंड में %ये प्रयागराज है...% गाना लगाया गया था। वीडियो चेक करने पर पता चला कि यह पाकिस्तान के करक जिले में जनवरी, 2025 में ट्रेलर के ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुए सड़क हादसे का है।

**पुलिस ने कहा- भगदड़ होने के भ्रामक वीडियो पोस्ट किएः** पुलिस ने इसका खंडन कुंभ मेला और उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया पर किया। पुलिस ने अपनी पोस्ट में लिखा- भ्रामक वीडियो को अपलोड करके महाकुंभ में भगदड़ होने और लोगों के मरने की अफवाह फैलाई जा रही है। लोगों के मन में भय और महाकुंभ मेला को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। पाकिस्तान के वीडियो पोस्ट करने वाले 26 अकाउंट को ट्रेस किया गया है। कुंभ पुलिस ने बुधवार को 26 सोशल मीडिया अकाउंट पर कुंभ में 26 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर

**पाकिस्तान के हादसे के वीडियो को महाकुंभ का बताया; ये प्रयागराज है...थीम सॉन्ग लगाकर पोस्ट किएः** प्रयागराज। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के सड़क हादसे का वीडियो महाकुंभ से जोड़कर पोस्ट किया गया। अब तक 10 तरह के अलग-अलग भ्रामक वीडियो और सूचनाएं पोस्ट करने पर 101 सोशल मीडिया अकाउंट पर मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इनके एडमिन और आईपी एड्रेस ट्रेस किए जा रहे हैं। फेसबुक के कैलिफोर्निया हेडऑफिस को लेटर भेजा गया है।

**लिखा- पाप धोने के चक्कर में जिंदगी से धो बैठोगे हाथः** महाकुंभ से जुड़ी अफवाहों और फर्जी पोस्ट को लेकर पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। पुलिस को ऐसी पोस्ट मिलीं, जिन पर लिखा था- माता पिता की सेवा करके भी उतर जाएगा पाप, यहां पाप धोने के चक्कर में जिंदगी से भी हाथ धो बैठोगे। इस वीडियो के बैकग्राउंड में ये प्रयागराज है... गाना लगाया गया था। वीडियो चेक करने पर पता चला कि यह पाकिस्तान के करक जिले में जनवरी, 2025 में ट्रेलर के ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुए सड़क हादस का है।

**पुलिस ने कहा- भगदड़ होने के भ्रामक वीडियो पोस्ट किए :**पुलिस ने इसका खंडन कुंभ मेला और उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया पर किया। पुलिस ने अपनी पोस्ट में लिखा- भ्रामक वीडियो को अपलोड करके महाकुंभ में भगदड़ होने और लोगों के मरने की अफवाह फैलाई जा रही है। लोगों के मन में भय और महाकुंभ मेला को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## रोड जाम, पुलिस से धक्का-मुक्की

जनमार्ग न्यूज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में बिष्टुपुर धातकीडीह मेन रोड पर बुधवार को शराब माफिया मुन्ना घोष के छोटे बेटे शिवम घोष (23) को बाइक और स्कूटी सवार बदमाशों ने गोली मार दी। बदमाशों ने छह राउंड फायरिंग की। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें पूरी वारदात कैद हुई है। परिजनों के आने तक वह 10 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा। शिवम का इलाज टीएमएच अस्पताल में चल रहा है। उसे बाई आंख, गले और छाती में गोली लगी है। घटना को शिवम के पूर्व सहपाठी सूर्या, शिबू और मनोज ने अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज देखकर परिजनों और दोस्तों ने बदमाशों की पहचान की है। घटना के बाद शिवम के परिवार ने धातकीडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया।

गुस्साए लोगों ने एक इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार को सीसीटीवी फुटेज नहीं देने पर घेर लिया और मारपीट की। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया। इस दौरान आक्रोशित लोगों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खत्म हुआ। देर रात तक इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शिवम सोशल मीडिया पर भी सक्रिय था। पुलिस ने सोशल मीडिया को भी खंगाला तो पता चला कि वह खुद को शहर का डॉन बताकर अपने विरोधियों को खुली चुनौती दे रहा था। दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए अक्सर पोस्ट डालता रहता था।

इधर, मुन्ना घोष ने बताया कि बेटे शिवम को उसके स्कूल के सहपाठियों ने रंजिश में गोली मारी। विवाद का कारण पता नहीं, लेकिन फुटेज में दिख रहे सभी युवक केपीएस स्कूल में शिवम के साथ पढ़ते थे। शिवम ने 2021 में पढ़ाई छोड़ दी थी। उधर, पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे, घायल की चप्पल और खून के सैंपल जब्त किए हैं। शिवम भी अपनी चाची जूली घोष की हत्या के मामले में सजायाफ्ता है। डेढ़ साल पहले वह अपील बेल पर जेल से बाहर आया था।

# महाशिवरात्रि पर 32 घंटे दर्शन देंगे बाबा विश्वनाथ

**10 लाख भक्तों के लिए इंतजाम, रात की 3 आरती नहीं होंगी, स्पर्श दर्शन बंद रहेंगे**

जनमार्ग न्यूज

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर 10 लाख से ज्यादा भक्तों के आने का अनुमान है। इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को काशी विश्वनाथ के कपाट रातभर खुले रहेंगे। बाबा विश्वनाथ लगातार 32 घंटे भक्तों को दर्शन देंगे। रात की तीन आरती भी नहीं होगी। हालांकि इस दौरान स्पर्श दर्शन बंद रहेंगे और झांकी दर्शन मिलेंगे। न्यास ने कहा कि महाशिवरात्रि पर करीब 15-20 मिनट आरती का समय घटाया गया है। मंदिर में सबसे पहले विभिन्न अखाड़ों से जुड़े साधु-संत एवं नागा संन्यासी दर्शन करेंगे। इस दौरान आम भक्तों की कतार रोक दी जाएगी। गर्भगृह में होने वाली 3 आरतियों को स्थगित कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर वीआईपी और सुगम दर्शन पर रोक लगेगी। मंदिर के ष्टश्वह्र विश्व भूषण मिश्रा ने कहा- महाशिवरात्रि के दौरान 32 घंटे तक बाबा विश्वनाथ के द्वार खुले रहेंगे। ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु महादेव के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। मंगल आरती एक दिन पहले होगी और फिर पूरी रात कालरात्रि शिवरात्रि मनाई जाएगी। विश्व भूषण मिश्रा ने कहा- महाशिवरात्रि के दौरान पांच गेट से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। अंदर गर्भगृह के गेट पर दो-दो कतारें बांटी गई हैं। भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गार्ड



रेलिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु अनुशासित तरीके से दर्शन कर सकें। मंदिर प्रशासन ने बताया कि 12 लाख श्रद्धालुओं ने पिछले साल महाशिवरात्रि के मौके पर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे थे। इस बार महाकुंभ की महाशिवरात्रि है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि यह रिकॉर्ड भी इस बार टूट जाएगा। मंदिर न्यास श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन करेगा। उधर, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी नीचीबाग में शिवभक्तों का स्वागत करेंगे।

**श्रीगणेश पूजन के बाद आज भव्य रुद्राभिषेकः** महाशिवरात्रि से पहले विशेष रुद्राभिषेक होगा। मंदिर प्रशासन ने बताया कि 2024 में महाशिवरात्रि से पहले एक नई परंपरा शुरू की गई थी, जिसमें %प्रधान महादेव% का विशेष रुद्राभिषेक करके महाशिवरात्रि पर्व की रक्षा और संपूर्ण सनातन समाज के कल्याण की प्रार्थना की जाती है। आज को महाशिवरात्रि से पूर्व शुभ मुहूर्त में यह विशेष रुद्राभिषेक किया जाएगा। बाबा विश्वनाथ धाम में स्थित 15 प्रधान विग्रहों का शास्त्रोक्त विधि से रुद्राभिषेक होगा।

**पुलिस कमिश्नर बोले- श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकताः** पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कहा- महाशिवरात्रि को भीड़ को संभालने के लिए शहर में 55 जगह चिह्नित की गई हैं। इन जगहों पर बैरियर लगाए जा रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र को जोन में बांटकर 13 सेक्टर में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 8 ट्रैफिक इंस्पेक्टर, 24 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर, 164 हेड कॉन्स्टेबल और 300 से ज्यादा होमगार्ड तैनात किए जाएंगे।

## 21 फरवरी से 2-3ए गिरेगा पारा; भोपाल में बादल छाए, भिंड-मुरैना में हल्की बारिश

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** फरवरी के आखिरी दिनों में मध्यप्रदेश का मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। इससे पहले बुधवार को भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, अभी दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। वहीं, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है। भिंड और मुरैना में बुधवार रात हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। गुरुवार सुबह मुरैना में बूंदाबांदी देखने को मिली। बदलते मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर फिर बढ़ सकता है। बुधवार को भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे, लेकिन पारा नहीं लुढ़का। यहां दिन का तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 27.3 डिग्री, रायसेन में 29 डिग्री, नरसिंहपुर में 29.2 डिग्री, नौगांव में 28 डिग्री रहा। कई शहरों में दिन के तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, रात में पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली है। मंगलवार-बुधवार की रात सिवनी-दमोह में 17 डिग्री, खंडवा-खरगोन में 18 डिग्री और नर्मदापुरम में 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 24 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। जिसका असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है।

## बस में लगी आग : रांची से लोग कुंभ स्नान के लिए एसी बस से जा रहे थे

जनमार्ग न्यूज

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार की देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रांची से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी एसी बस में आग लग गई। यह घटना रात करीब 1 बजे कुज्जू ओपी क्षेत्र के हा-33 (रांची-पटना हाईवे) पर हुई। बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। बस में आग लगते ही यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। सभी श्रद्धालुओं ने तुरंत बस से कूदकर अपनी जान बचाई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कुजू-मांडू पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जब तक आग पर काबू पाया जा सका, बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पृथ्वी नामक बस रांची से कुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं को लेकर रात में रवाना हुई। जैसे ही वो हैसागढ़ा के पास पहुंची, इंजन में आग लग गई। ड्राइवर कुछ समझ पाता इससे पहले ही आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया। यात्रियों ने जब यह देखा तो फौरन बस से कूदकर भागे।



तब तक गा?ी में पूरी तरह से आग लग चुकी थी। आसपास लोगों को जब यह सूचना मिली तो भागते हुए मौके पर पहुंचे, पर आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि उसपर काबू पाना मुश्किल था। लोगों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड दी। जब तक दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची, तब तक बस पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## गुमला में ऑटो पलटने से एक की मौत

जनमार्ग न्यूज

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में बसिया-पालकोट सड़क पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जॉनसन डुंगडुंग के रूप में हुई है। घटना गुरुवार को हुई, जब जॉनसन अपने दोस्त अमृत केरकेटा के साथ सारु बेड़ा गांव से अपने गांव पहान टोली लौट रहा था। रास्ते में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में जॉनसन को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल जॉनसन को बसिया उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऑटो चला रहे उसके दोस्त अमृत को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त नशे की हालत में थे।

## युवाओं के लिये नौकरियों की घोषणा ऐतिहासिक : अमृतपाल सिंह

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में राजस्थान की जनता पर दिल खोलकर विकास, रोजगार सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के तोहफों की बरसात की है। हिंदुमलकोट मंडल अध्यक्ष अमृतलाल मंटू ने बताया कि राजस्थान के युवाओं के लिये नौकरियों की घोषणा ऐतिहासिक है। हमारे युवा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने बजट में गंगकैनाल की सीसी रिलाईनिंग (आरडी-45 बालेवाला हैड से आरडी-368 खखां हैड) के लिये 300 करोड़ रूपये देने और सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव मिर्जेवाला में सैनिक स्कूल खोले जाने सहित अनेक सौगातें देने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में जो घोषणाएं प्रदेशवासियों के लिये की गई है, उसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा। युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, व्यापारियों के साथ-साथ किसानों के कल्याण के लिये भी किसान हितैषी सरकार द्वारा अनेक घोषणाएं की गई है। उन्होंने बताया कि बजट में गंगकैनाल की सीसी रिलाईनिंग के लिये 300 करोड़ रूपये, मिर्जेवाला में सैनिक स्कूल खोले जाने, गंग कैनाल के साधुवाली हेडवर्क्स से शिवपुर हैड वर्क्स तक डामर सड़क निर्माण के लिए 7 करोड रुपए, भाखड़ा सिंचाई प्रणाली की मम्मड़खेड़ा वितरिका में कार्य हेतु 40 करोड़ 86 लाख रुपए की घोषणा की गई है। इस कार्य के पूर्ण होने से लगभग 28 हड़ार 221 और मोरजंड वितरिका व लालगढ़ माइनर के लगभग 38 हजार 779 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में लाभ होगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में राजस्थान सरकार द्वारा दो हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रूपये कर दिया गया है। अब किसानों को 6 हजार रूपये केन्द्र सरकार की ओर से व 3 हजार राजस्थान सरकार की ओर से इस प्रकार कुल 9 हजार रूपये प्रति किसान को मिलेंगे। गेहूं खरीद पर भी सरकार ने 150 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया है, जो किसानों के लिये हितकारी है।

# रोहतक साइबर क्राइम की गुरुग्राम में रेड

## 6 ठगों को किया गिरफ्तार, 11.80 लाख कैश बरामद, शेयर मार्किट का देते थे झांसा



**रोहतक ( जनमार्ग न्यूज )।** हरियाणा के रोहतक जिले में साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी मामले में 6 आरोपियों को गुरुग्राम से काबू किया। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन एप के माध्यम से ठगी का शिकार बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी गुरुग्राम में अलग-अलग सोसाइटी में रहकर ठगी को अंजाम दे रहे थे। साइबर क्राइम थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि साइबर ठगी करने वाला गिरोह गुरुग्राम में सक्रिय है। उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम में रेड की और अलग-अलग जगहों से आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों से ठगी में प्रयोग करने वाला सामान भी बरामद किया। एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर ठगी मामले में आरोपियों के कब्जे से 11 लाख 80 हजार रुपए कैश बरामद किया है। साथ ही अलग-अलग बैंकों के 30 चेक, 19 एटीएम कार्ड, ठगी में प्रयोग होने वाले 7 मोबाइल बरामद किए है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि शेयर मार्केट में काम करने वाले लोगों को टास्क देकर और मोटे मुनाफे का लालच देकर आरोपी उन्हें ठगी का शिकार बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में एक रोहतक, एक झज्जर, चरखी दादरी, भिवानी और एक सोनीपत का रहने वाला है। सभी को गुरुग्राम से काबू किया है। एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुग्राम से आरोपियों को काबू करने वाली टीम में पीएसआई प्रतीक, पीएसआई बलविंद्र, एएसआई प्रदीप, एएसआई सतीश और हेड कॉन्स्टेबल संदीप शामिल रहे। टीम पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि आरोपियों के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

# 'सूक्ष्म सिंचाई तकनीके' विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

## कृषि विज्ञान केंद्र पदमपुर में 30 किसानों ने लिया भाग



**श्रीगंगानगर।** किसानों को सिंचाई पद्धति की विभिन्न तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र पदमपुर में बुधवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीकानेर कृषि महाविद्यालय के इंजी. जितेन्द्र गौ? ने बताया कि यह कार्यक्रम स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के सुनियोजित खेती विकास केंद्र द्वारा आयोजित किया गया है। 'सूक्ष्म सिंचाई तकनीकें' विषयक इस कार्यक्रम में किसानों को बूंद-बूंद सिंचाई, फव्वारा सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई की स्थापना एवं रख-रखाव पर जानकारी दी गई। कृषि अनुसंधान के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बीएस यादव ने खेती में जल बचत हेतु कम पानी चाहने वाली फसलों को लगाने तथा फसल विविधिकरण अपनाने की सलाह दी। उद्यान उप निदेशक प्रीति गर्ग ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए फसलों में सूक्ष्म सिंचाई को अपनाने के साथ-साथ सौर उर्जा चलित पंप लगाने की बात कही। इसके अलावा केवीके पदमपुर के मृदा विशेषज्ञ राजवीर व उद्यान विशेषज्ञ डॉ. नवल किशोर ने मृदा व जल के नमूने लेने व खरपतवार नियंत्रण करने के बारे में बताया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 30 किसानों ने भाग लिया और सिंचाई की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

# नीलकंठ धाम में 27वें त्रिदिवसीय पुण्य निष्काम भंडारे का आयोजन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति द्वारा नीलकंठ धाम में 27वें त्रिदिवसीय पुण्य निष्काम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह श्रद्धामय भंडारा 24 से 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें भक्तों के लिए निःशुल्क प्रसाद वितरण और सेवा कार्य किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक अश्वनी नारंग व उपसमिति अध्यक्ष राजकुमार नागपाल ने बताया कि हनुमानगढ़ से इस भंडारे को गुरुवार, 20 फरवरी को शाम 5 बजे शिव मंदिर, टाउन अरोड़वंश धर्मशाला के निकट से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदिलाल मीणा और एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जुनेजा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर भंडारे को रवाना करेंगे। अश्वनी नारंग ने बताया कि यह भंडारा पिछले 26 वर्षों से निरंतर जारी है और इसका उद्देश्य क्षेत्र की सुख-समृद्धि और धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। समिति के सदस्यों एवं शहरवासियों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक किया जाता है। इस त्रिदिवसीय आयोजन में हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होंगे और भक्तिभाव के साथ सेवा कार्यों में भाग लेंगे।

# श्रीगंगानगर जिले को दिखाया ठेंगा

## ❑ गहलोत सरकार की योजनाओं को तोड़ मरोड़ यह नाम बदलकर बजट में पेश किया

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने आज विधानसभा में राज्य सरकार की ओर से पेश किए बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के खजाने अधिकांश हिस्सा अपने भरतपुर संभाग पर लुटा दिया है। श्रीगंगानगर जिले सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों को इस सरकार ने ठेंगा दिखाया है। भाजपा के पास बताने को कुछ भी नहीं है कि बजट में श्रीगंगानगर जिले को क्या नया दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पूर्ववर्ती कांग्रेस की अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार में लागू की गई योजनाओं को या तो बंद किया जा रहा है या तोड़ मोड़कर अथवा नाम बदलकर नए रूप में पेश किया जा रहा है। योजनाओं के बदले हुए स्वरूप और प्रारूप में यह सरकार जनता को दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं में चुपके से कटौती कर रही है। बजट में उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की जगह 150 यूनिट बिजली मुफ्त देने पर कटाक्ष करते अंकुर मगलानी ने कहा कि सरकार पहले लोगों को निर्बाध विद्युत तो उपलब्ध करवाए।भाजपा सरकार ने अभी तक एक नई यूनिट बिजली का उत्पादन तो किया नहीं है।जब बिजली ही नहीं होगी तो लोगों को 50 यूनिट बिजली मुफ्त बढ़ा देने का कोई फायदा नहीं होगा। किसानों को ट्यूबवेल चलाने के लिए पूरी बिजली नहीं मिल रही। इस क्षेत्र के किसान कई दिनों से सिंचाई पानी पूरी मात्रा में देने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन भी कर रहे हैं पानी नहीं मिलने से फसलें एक खराब हो रही है। आज पेश बजट में नया कुछ नहीं है। बस कुछ योजनाओं के नाम बदल कर बड़े-बड़े दावे तथा वायदे किए गए हैं, जो यह सरकार कभी पूरा नहीं कर पाएगी।

# वरीष्ठ नागरिकों-वृद्धजनों के अधिकारों के सम्बध में जागरूकता शिविर



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति सूरतगढ़ के अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी के निर्देशानुसार गुरू भरोसा सेवा संस्था किशनपुरा आबादी में वरीष्ठ नागरिकों /वृद्धजनों के अधिकारों के सम्बध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य अतिथि तालुका पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने संस्था में मौजूद वृद्धजनों को उनके अधिकारों से अवगत करवाते हुए बताया कि माननीय राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा प्रतिमाह वृद्धजनों को उनके अधिकारों से अवगत करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बताया जाता कि उनके पास कौन कौन से अधिकार है एवं उन अधिकारों का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान तालुका पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने बताया माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवा योजना 2016 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को सहायता दी जाती है। शिविर के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति सचिव विनोद भाटी ने शिविर में मौजूद सभी वृद्धजनों को बताया कि इस योजना के तहत, वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर कानूनी सहायता दी जाती है । शिविर के दौरान सेवादार शिवप्रकाश, संस्था प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर सिंह, सचिव धर्मवीर सिंह हुंदल और कोषाध्यक्ष कृष्ण चौधरी ने बताया संस्था को चलाने के लिए आमजन का सहयोग मिलता है एवं समय समय पर संस्था में निःशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है।

# 15 दिन से लापता महाराष्ट्र का जवान बैतूल में मिला

## बोला- मेरा ट्रेन से अपहरण हुआ; 48 घंटे में तीन बार बदले बयान, पुलिस उलझी

जनमार्ग न्यूज

**बैतूल।** 31 जनवरी को विदिशा और भोपाल के बीच लापता हुआ जवान गौड़ गुड्डू मुकेश 12 फरवरी को बैतूल के चिचोली में मिला। उसने बताया- किसी ने मेरा ट्रेन से अपहरण किया था। मैं 12 दिन तक बेहोश रहा। आंख खुली तो कुछ लोग मुझे बोलेरो में कहीं ले जा रहे थे। मैं गाड़ी से कूद गया। गौड़ गुड्डू मुकेश (26) सेना की लद्दाख यूनिट में गनर है। वह छुट्टियां मनाने अपने घर महाराष्ट्र के गोंदिया आया था। 31 जनवरी को यूनिट के लिए लौटते वक्त ट्रेन से लापता हो गया था। उधर, पुलिस का कहना है कि जवान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। घायल होने की वजह से उसे चिचोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। वह बार-बार बयान बदल रहा था। हम हर एंगल से जांच कर रहे हैं। बीएमओ राजेश अतुलकर ने बताया कि मुकेश की शारीरिक हालत अब ठीक है। उसके सीनियर अफसर और पिता उसे अपने साथ भंडारा ले गए हैं।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- भागते हुए चाय की दुकान पर पहुंचा**

मुकेश को अस्पताल पहुंचाने वाले पूर्व जनपद सदस्य डोमा सिंह ने कहा- हम बुधवार रात करीब 8 बजे आलमपुर में एक दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान युवक भागते हुए वहां पहुंचा। दो लोग उसके पीछे दौड़ रहे थे। युवक ने खुद को आर्मी का जवान बताया। मौके से 500 मीटर दूर एक बोलेरो खड़ी थी। जवान घबराया हुआ था। उसके शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान थे। उसे घबराहट हो रही थी। हम उसे निजी वाहन से सीएचसी, चिचोली ले गए। पुलिस के मुताबिक, मुकेश ने पहले बयान में कहा- मैं इंडियन आर्मी में जॉब करता हूं। लद्दाख में मेरी यूनिट है। 31 जनवरी को 11 बजे गोंदिया स्थित अपने घर से यूनिट जाने के लिए निकला था। रिजर्वेशन कन्फर्म नहीं था। इसीलिए भंडारा से गोंडवाना एक्सप्रेस में जीआरपी वाले से बात कर बी-4 कोच की एक सीट पर लेट गया। घर वालों से फोन पर भोपाल तक बात हुई। विदिशा से बीना के बीच मैं टॉयलेट गया। इस दौरान बाजू से एक आदमी निकला। पता नहीं कैसे मैं बेहोश हो गया।

# महावीर इन्टरनेशनल व वीरा केन्द्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेबी किट भेंट की



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** महावीर इन्टरनेशनल सूरतगढ़ व वीरा केन्द्र सूरतगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए आज 100 हाइजैनिक बेबी किट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सूरतगढ़ के प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मांगीलाल लेघा को प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के वात्सल्य मातृत्व एवं शिशु स्वस्थ्य योजना स्तनपान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शिशु के लिए मां के दूध की उपयोगिता को दर्शाते हुए पोस्टर का विमोचन भी किया गया। संस्था अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा के अनुसार संस्था द्वारा पिछले लगभग 11 वर्षों से लगातार बेबी किट अस्पताल में प्रदान की जा रही है। संस्था के प्रधान कार्यालय जयपुर से सी.एस.आर. के अन्तर्गत दोनों केन्द्रों को 50-50 बेबी किट प्राप्त हुई हैं। इस अवसर पर प्रसूति महावीर इन्टरनेशनल के सम्भागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद, संभागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, पूर्णराम कारगवाल, सचिव राजेश वर्मा, वीरा केन्द्र की अध्यक्ष वीरा अंजना सिंह, सचिव वीरा विजयश्री बैद उपस्थित थे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 को

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 फरवरी 2025 गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

**हनुमानगढ़।** टाउन की सोनी मार्केट में श्री छत्रपति शिवाजी मराठा मंडल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंडल के सभी सदस्यों और मराठा समाज के लोगों ने एकत्रित होकर वीर शिरोमणि शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण से किया । इस मौके पर बजरंग मराठा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल एक वीर योद्धा थे, बल्कि कुशल प्रशासक और महान राष्ट्र निर्माता भी थे। उन्होंने मुगल शासकों के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया और स्वराज की स्थापना की। उनके नेतृत्व और रणनीतियों ने मराठा साम्राज्य को एक शक्तिशाली शक्ति के रूप में स्थापित किया। शिवाजी महाराज की वीरता और कूटनीति का उल्लेख करते हुए जितेन्द्र मराठा ने कहा कि उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति (गणिमी कावा) को अपनाया, जिससे वे अपने शत्रुओं को परास्त करने में सफल रहे। उनके आदर्श और नीति आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर बजरंग मराठा, पांडे मराठा, संतोष मराठा, बाबू मराठा, अजीत मराठा, मनीष मराठा, बालू मराठा, संपत मराठा, गंगाराम मराठा, शंकर मराठा, लोकेश मराठा, विशाल मराठा, जितेंद्र मराठा, विकास मराठा, विनोद मराठा, कुणाल मराठा सहित मराठा समाज के अनेक लोगों ने भाग लिया। सभी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई और उनके विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली।इस दौरान वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के न्यायप्रिय शासन, प्रशासनिक कुशलता और बहादुरी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल मराठा समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के गौरव हैं। उन्होंने धर्म, संस्कृति और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और एक आदर्श हिंदवी स्वराज की स्थापना की। कार्यक्रम में युवाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों को अपनाने और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई। वक्ताओं ने बताया कि शिवाजी महाराज ने हमेशा अपनी प्रजा का सम्मान किया और उन्होंने महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए कड़े नियम बनाए। उनके शासनकाल में सभी धर्मों को समानता का दर्जा मिला और उन्होंने हमेशा न्याय को सर्वोपरि रखा। मराठा समाज के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती और अधिक भव्य रूप से मनाई जाएगी। साथ ही समाज में उनके विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।





# श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग सुना कर संगत को किया निहाल

**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** कस्बे के तकिया डेरा के शनि मंदिर प्रांगण में बुधवार को साप्ताहिक श्री भागवत कथा के तहत चौथे दिन कथा वाचक पंडित ताराचंद शास्त्री ने सृष्टि के विस्तार कपिलो पोपाख्यान सती चरित्र एवं ध्रूव चरित्र व श्री कृष्ण जी के जन्म का प्रसंग सुनाया वही कीर्तन भजन के माध्यम से भजन मेरी लगी श्याम संग प्रीत, दुनिया क्या जाने----- सुना कर संगत को निहाल किया इस दौरान गुरु की आरती कर संगत में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर सेवादार दौलत घणघस,मोहनलाल धतरवाल, मदन धतरवाल, काशीराम चाहर, ओमप्रकाश महला, राजेंद्र चाहर, आत्मा राम शर्मा, राजेंद्र घणघस, विफल, मनीराम पचार, भैराराम पचार चानणा धाम मंदिर के सेवादार सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

# एक हजार डॉलर का अंशदान देकर ऋतु चांगिया बनी एमजेएफ

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई प्रथम) की ऋतु चांगिया को एमजेएफ की उपाधि मिली। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि ऋतु चांगिया द्वारा लायंस क्लब इन्टरनेशनल फाउंडेशन में एक हजार डॉलर का अंशदान देने पर एमजेएफ की उपाधि दी गई है। रीजन चेयरमैन कमल कुक्कड़ ने बताया कि ऋतु चांगिया के पति नरेंद्र चांगिया लायंस क्लब में अनेक पदों पर रहते प्रांतीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने दो बार लायंस इंटरनेशनल में एक-एक हजार डॉलर का अंशदान दे कर पीएमजेएफ की उपाधि प्राप्त की है। ऋतु के स्व. ससुर नानकचंद चांगिया को श्रीगंगानगर का प्रथम एमजेएफ बनाने का गौरव प्राप्त हुआ था। डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, सह प्रांतपाल (द्वितीय) एमजेएफ आशुतोष वशिष्ठ, प्रांतीय सचिव केसी शर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रभु पाटिल, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट गर्वनर नरेन्द्र चांगिया, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर ओपी मंगल, रीजन चेयरमैन कमल कुक्कड़, नरेंद्र भठेजा व शिवशंकर खड़गावत, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, रीजन सचिव गौरव गुप्ता, जोन चेयरमैन पंकज गर्ग, हरीश उपनेजा, श्याम सिंगल, कुमुद गुप्ता, श्याम गोस्वामी, प्रमोद खारीवाल और सुशील जैन बांठिया सहित अनेक लायन प्रांतीय पदाधिकारियों ने ऋतु चांगिया को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। ऋतु चांगिया ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए छात्र सम्मानित

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी ने अपने सबसे कम उम्र के शिक्षार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा का जश्न मनाया क्योंकि प्रिंसिपल एल.बी. सुब्बा ने विभिन्न सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्रों को सम्मानित किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा प्रतिभागियों के बीच कलात्मक अभिव्यक्ति और बढ़िया मोटर कौशल को प्रोत्साहित करना था। ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से कल्पना का प्रदर्शन। मोमबत्ती सजावट प्रतियोगिता में अद्वितीय सजावटी विचारों के साथ कलात्मक कौशल को बढ़ाना। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का उद्देश्य लिखावट उत्कृष्टता और प्रस्तुति को बढ़ावा देना। स्क्रैपबुक सजावट प्रतियोगिता का उद्देश्य रचनात्मक स्क्रैपबुकिंग के माध्यम से नवाचार और डिजाइन को प्रोत्साहित करना।कार्यक्रम उत्साह से भरा हुआ था और नन्हें चैंपियंस को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल एल.बी. सुब्बा ने छात्रों के समर्पण की सराहना की और उन्हें अपने कौशल का विकास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।स्कूल प्रबंधन और संकाय सदस्यों ने शिक्षाविदों से परे सीखने के माहौल को बढ़ावा देने में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और माता-पिता के समर्थन की भी सराहना की।

# डीजीजीआई की प्रदेश में सबसे बड़ी कार्रवाई

## ● स्क्रैप-टीएमटी बार की 7 फर्म में पकड़ी 700 करोड़ की टैक्स चोरी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआइ) की जयपुर यूनिट ने प्रदेश की सात स्क्रैप और टीएमटी बार से जुड़ी फर्मों पर कार्रवाई कर 700 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी है। यह प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें करीब 4000 करोड़ रुपए के फर्जी बिल बनाकर इतनी बड़ी टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। कार्रवाई में बगरू स्थित निर्माण इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक घासीलाल चौधरी और सीकर के केसर देव शर्मा सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है,



इन्हें बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद जेल भेज दिया गया। डीजीजीआई ने इन फर्मों के जयपुर, सीकर, उदयपुर और भीलवाड़ा सहित कुल 15 ठिकानों पर कार्रवाई की। जांच के दौरान वित्तीय रिकॉर्ड खंगाले गए, जिनमें 13 लाख टन लोहे के सामान की फर्जी आपूर्ति के सबूत मिले। डीजीजीआई की जांच में पता चला कि ये सात फर्में एकजुट होकर प्रदेश में स्क्रैप की लाखों टन की आवाजाही को फर्जी चालान, बिल्टी व ई-वे बिल बनाकर अंजाम दे रही थी। डीजीजीआइ के अधिकारियों का कहना है कि ये एक अनूठा मामला था, जहां डीलर से लेकर निर्माता तक की पूरी चेन मिलकर रैकेट चला रहे थे। टीएमटी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है, ये आरोपी कई महिनों से करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी कर रहे थे। गौरतलब है कि निर्माण इंफ्रा के निदेशक घासीलाल चौधरी कांग्रेस के टिकट पर मालपुरा से चुनाव लड़ चुके हैं। इनके अलावा यश चंदानी, मनोज विजय, नवीन यादव, गुलाम फरीद, अरुण जिंदल को गिरफ्तार किया है।

# बिहाणी चिल्ड्रंस एकेडमी में नव सत्र प्रवेश प्रारंभ

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बिहाणी चिल्ड्रन्स एकेडमी (बीसीए) में आगामी सत्र 2025-26 के लिए सीबीएससी बोर्ड एवं अंतरराष्ट्रीय बोर्ड हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। इस संदर्भ में प्रथम प्रवेश परीक्षा एवं स्क्रीनिंग आयोजित की गई जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य श्रीमती नलिनी धींगड़ा ने बताया कि बीसीए क्षेत्र का एक मात्र सीबीएसई एवं अंतरराष्ट्रीय बोर्ड युक्त स्कूल है जिसमें आगामी सत्र हेतु



प्रवेश आरम्भ कर दिए गए हैं। शीघ्र ही द्वितीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणात्मकता बढ़ाने के लिए विद्यालय विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर प्रयासरत है।

# टांटिया यूनिवर्सिटी में श्रमिक जागरुकता शिविर लगाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी में संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर लेबर वेलफेयर की ओर से एनसीसी हॉल में श्रमिक जागरुकता शिविर लगाया गया। इसमें उपश्रम आयुक्त अमरचंद लहरी ने श्रमिकों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने श्रमिकों के हित में कई योजनाएं बनाई हैं। श्रमिक जरूरी कार्रवाई पूरी कर इनका लाभ उठा सकते हैं। इन योजनाओं के जरिए श्रमिकों के परिवारों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के जिला प्रबंधक अनीश खान, मानव तस्करी विरोधी यूनिट के देवेंद्र बक्शी, लेबर इंस्पेक्टर हर्षदीप, सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर राजकुमार जैन, असिस्टेंट सोशल सिक्योरिटी मैनेजर मोहित अरोड़ा, कॉ-ऑर्डिनेटर (सोशल एक्टिविटी) सरिता शर्मा, मीडिया विभाग की नीतू बाला सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने किया मर्डर

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर में प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी के अपने पति की हत्या करने का मामला सामने आया है। प्लानिंग के तहत खेत में सोते हुए पति के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या की थी। प्रेमी व खुद को बचाने के लिए रोते हुए चिल्लाने का ड्रामा किया था। बस्सी थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी पत्नी को पकड़ने के बाद उसके फरार प्रेमी को बुधवार दोपहर अरेस्ट कर लिया। आईपीएस (प्रोविजनल) अभिजीत पाटिल ने बताया कि चैनपुरा में धर्मपुरावाली ढाणी निवासी नेहनूराम (28) की हत्या का मामला दर्ज करवाया गया था। उसके बड़े भाई ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 5 फरवरी की रात छोटा भाई नेहनूराम व उसकी पत्नी गरिमा हमारे खेतों पर रखवाली के लिए गए थे। रात करीब 11.45 बजे नेहनूराम की पत्नी गरिमा के बचाओ-बचाओ चिल्लान की आवाज आई। खेतों में पहुंचने पर भाई नेहनूराम के सिर पर कई चोटे आई हुई थी। बेहोश पड़े भाई नेहनूराम के सिर से खून बह रहा था। सदमे में पहुंची गरिमा रोते हुए चिल्ला रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर हालत में नेहनूराम को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। अगले दिन सुबह करीब 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# पटाखे से फटा युवक का पेट, आंत बाहर आई

जनमार्ग न्यूज

**पाली।** पाली में पटाखे से एक युवक का पेट फट गया। इतना ही नहीं उसकी आंत तक बाहर आ गई। घायल युवक को गंभीर हालत में बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां से उसे जोधपुर रेफर किया गया। खेत पर रखवाली करने गए एक 25 वर्षीय युवक ने खेत में पटाखा फोड़ा। हादसे में पटाखा उछलकर सीधे उसके पेट पर लगा, जिससे बड़ा घाव हो गया। हादसे में युवक का पेट फट गया और आंत बाहर आ गई। गंभीर हालत में उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया। पाली के निकट इन्द्रको की ढाणी (सरदारसमंद रोड) में रहने वाला 25 साल का दिलीप पुत्र लक्ष्मणराम बुधवार शाम को खेत में रखवाली के लिए गया। जहां वह अपने साथ एक पटाखा भी लेकर गया। खेत में बुधवार रात करीब 10 बजे पटाखा जलाया। लेकिन वह दूर हटता इससे पहले पटाखा फट गया और उसके पेट पर आकर लगा। हादसे में उसका पेट फट गया। इसके बाद घायल हालत में दिलीप ने फोन कर घर पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और रात करीब 12 बजे उसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।



# बच्ची से रेप मामला की केस ऑफिसर स्कीम में होगी जांच

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** जोधपुर में 8 महीने की बच्ची से रेप के मामले को केस ऑफिसर स्कीम में लिया जाएगा। पुलिस ने पीड़ित परिवार के पर्चा बयान के आधार पर मंगलवार देर रात एफआईआर दर्ज की है। वहीं आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। एफएसएल एक्सपर्ट की मौजूदगी में मौका निरीक्षण और अन्य औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। प्रकरण के जांच अधिकारी एएसपी सुनील पंवार ने बताया- 8 महीने की मासूम के साथ रेप मामले में मंगलवार रात पीड़ित परिवार का पर्चा बयान लिया गया था। उसके आधार पर विवेक विहार थाने में पॉक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद बुधवार को पीड़ित के परिजनों के बयान लेने के साथ ही एफएसएल विशेषज्ञों की मौजूदगी में घटना स्थल का निरीक्षण कर वहां से साक्ष्य भी संकलित किया गया।

# एक्सप्रेस वे पर कार पलटी, दो महिलाओं की मौत

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** दिल्ली-मुंबई सुपर एक्प्रेस वे पर कोटा से दिल्ली जा रही कार को एक वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार पोल से टकराकर पलट गई। टक्कर मारने के बाद चालक भाग गया। वहीं कार पलटने से उसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। हादसा अलवर के बडौदामेव के पास हुआ। कार सवार दिल्ली के रहने वाले थे। हादसे की सूचना पर उनके परिजन अलवर पहुंचे। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद दिल्ली रेफर किया गया है। कार में दिल्ली में रहने वाले परिवार के 6 लोग सवार थे। घायल दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी अंकुर ने बताया कि कार में बड़ा भाई विपिन खत्री, भाभी पूनम (53), भतीजी गोर्वी, मां निर्मला और मौसी स्नेहलता (83) थी। परिवार कोटा में शादी में शामिल होने आया था।

# अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार



जनमार्ग न्यूज

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में अवैध हथियार रखने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया है। जिससे एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद की गई है। रामसिंहपुर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा है। थाने के हैड कॉन्स्टेबल राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव 13 बीएलडी में गश्त कर रही थी। इस दौरान सरकारी नर्सरी के पास युवक संदिग्ध लगा। जिसे रुकवा कर तलाशी ली गई। युवक के पास से एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप कुमार (24) निवासी बिचौलिया, श्रीविजयनगर के रूप में हुई। रामसिंहपुर पुलिस थाने के हैड कॉन्स्टेबल राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। टीम में कॉन्स्टेबल राकेश कुमार, शैलेंद्र और धर्मपाल शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई चुन्नीलाल मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।ह्य

# सड़क हादसे में मासूम सहित तीन की मौत

जनमार्ग न्यूज

**करौली।** राजस्थान के करौली जिले के नजदीक हिंडौन सिटी के महवा मार्ग पर देवलन मोड़ के पास बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे कार में सवार दादा, मां और उसके मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में तीन पीढ़ियों के तीन सदस्यों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सेना से रिटायर्ड हवलदार बाबूलाल गुर्जर 73, उनकी बहू रोशना 30 और पोते रियांश 1 के रूप में हुई है। वे जयपुर से इलाज कराकर अपने गांव तिघरिया, हिंडौन लौट रहे थे, लेकिन सफर उनके लिए आखिरी साबित हुआ। जैसे ही उनकी कार देवलन मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक अचानक सामने आ गया, जिससे ड्राइवर कार को संभाल नहीं पाया और टक्कर हो गई।

# एसडी कॉलेज में उद्यमिता एवं नए व्यवसायिक अवसर पर सेमीनार

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेठ जी.एल. बिहाणी सनातन धर्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॉमर्स एवं प्रबंध विभाग की ओर से 'उद्यमिता एवं नए व्यवसायिक अवसर' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ डोमेन अधिकारी बालमुकंद पुरी एवं कनिष्ठ डोमेन विशेषज्ञ दिनेश कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को उद्यमिता में करियर बनाने और अपनी रचनात्मक सोच को स्टार्टअप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. रितु कौशिक, विकास बलाना सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सेमिनार का सफल संचालन प्लेसमेंट संयोजक डॉ. रविंदर पाल सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सिल्की बगई द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना, उन्हें नवीन व्यवसायिक अवसरों से अवगत कराना तथा नए और नवाचारी स्टार्टअप के लिए सरकार द्वारा दिए जाने वाले सहयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जहां मौजूद छात्रों ने स्टार्टअप के अवसरों को तलाशने में गहरी रुचि दिखाई।



# अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करते हुए दिलवायें योजनाओं का लाभ: डॉ. मंजू

## ● जिला कलक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारत सरकार के कृषि विभाग की ओर से संचालित किये जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अधीनस्थ क्षेत्रों में आयोजित हो रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करते हुए उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। शिविरों में अब तक हुई प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त उपखण्ड अधिकारी नियमित



रूप से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण कर अधिकाधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। समस्या आने पर तत्काल निस्तारण करवायें। किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाये। समस्त विभागों के अधिकारी शिविरों के दौरान मौजूद रहकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दें और उनका पंजीकरण करवाते हुए लाभान्वित भी करें। इस दौरान जिला कलक्टर ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित उपखण्ड अधिकारी अपने क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण जल्द करवायें ताकि आमजन को राहत मिल सके। राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जनसमस्याओं का समुचित और संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाये। पंचायत और वार्ड पुनर्गठन से संबंधित प्रस्ताव नियमानुसार और आवश्यक कार्यवाही के पश्चात तैयार करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि फसल खराबा प्रकरणों के साथ-साथ पंच, सरपंच, सदस्य सहित अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के रिक्त पदों की सूचना तत्काल भिजवाई जाये। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता श्रीमती रीना, एसडीएम गंगानगर रणजीत कुमार, तहसीलदार सुभाष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे जबकि जिले के अन्य उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े।

# बुजुर्ग महिला जिंदा जली

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर 28 स्थित सरस्वती विहार के मकान नंबर 940 में आधी रात को लगी आग में 80 वर्षीय महिला जिंदा जल गई। आग की लपटों में घिरी मां को बचाने के लिए बेटे ने कमरे में घुसने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि वह अंदर नहीं जा सका। बुजुर्ग महिला घरवालों की आंखों के सामने ही पूरी तरह जल गई। बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को फोन किया। सेक्टर 29 थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझाई जाती, तब तक अंजलि बख्शी नाम की महिला कंकाल बन चुकी थी। पुलिस ने जले हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला के बेटे शांतनु बख्शी ने बताया कि उनकी मां काफी समय से बीमार थीं और उन्होंने उन्हें ठंड से बचाने के लिए ब्लोअर हीटर लगाया था।

# दूल्हे को घोड़ी से उतारकर मारपीट, पिता को मारा थप्पड़

## ● बारातियों को भी पीटा, घोड़ी छीनकर ले गए

जनमार्ग न्यूज

**सांचौर।** जालोर जिले के सांचौर के हरियाली गांव में दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बुधवार रात को दूल्हा सुनील कुमार घोड़ी पर बैठा था और तोरण की रस्म चल रही थी। इसी दौरान बलवंत सिंह और महिपाल सिंह अपने 5 साथियों के साथ 2 गाड़ियों में वहां पहुंचे। आरोपियों ने बारात में शामिल लोगों से मारपीट की। दूल्हे के पिता भागीरथ को थप्पड़ मारा और जातिसूचक गालियां दीं। आरोपियों का कहना था कि बिना इजाजत उनके गांव में घोड़ी पर चढ़ने की हिम्मत कैसे की। दूल्हे को जबरन घोड़ी से नीचे उतारकर आरोपी पीटने लगे। बीच-बचाव करने आए बारातियों और स्थानीय लोगों को भी धमकाया। बलवंत सिंह घोड़ी लेकर चला गया और बाकी आरोपी गाड़ियों में बैठकर फरार हो गए। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि अगर उनके खिलाफ केस किया तो दूल्हे को दोबारा गांव में नहीं घुसने देंगे। साथ ही लड़की के परिवार को भी गांव से निकाल देने की धमकी दी।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692